E-PAPER
सोच नई, राजस्थान के लिए
# थिंक राजस्थान
जयपुर
18 सितंबर, 2026
शुक्रवार
▪ वर्ष: 1 ▪ अंक: 66 / पृष्ठ 8 / अंग्रेजी/हिंदी (दैनिक) / मूल्य : ₹10 / प्रभात / RNI NO.: RJMUL/26/A4290

# परकोटे के सेठी कॉम्प्लेक्स में लगी आग, 25 दुकानों में करोड़ों का सामान जला

## बड़ी चौपड़ स्थित मणिहारों का कटला की घटना: दिवाली को लेकर माल कर रखा था स्टॉक, दुकान में जलता देख रो पड़े व्यापारी, एक पीड़ित की पत्नी की तबीयत खराब हुई

**जयपुर**। परकोटे में स्थित सेठी कॉम्पलेक्स में गुरुवार सुबह 7.30 बजे आग लग गई। देखते ही देखते 25 से ज्यादा दुकानें आग की जद में आ गई और दुकानों में रखा करोड़ों रुपयों का माल जलकर खाक हो गया। सबसे पहले गार्ड विक्रम ने दुकान से धुआं उठता देखा तो ताला तोड़कर अंदर घुसा और आग बुझाने का प्रयास किया, मगर सफलता नहीं मिली। बाद में व्यापारियों के ग्रुप में आग लगने की सूचना भेजी। इसके बाद व्यापारियों ने फायर ब्रिगेड को फोन कर बुलाया। मगर संकरी गलियों व अधिकारियों की लापरवाही से 1 घंटे बाद आग बुझाने का काम शुरू हुआ। तब तक आग फैलती रही और कारोबारियों का सामान धूं-धूं कर जलता रहा। इधर, आग की सूचना के बाद परकोटे में लोगों की भीड़ एकत्रित हो गई। भीषण आग ने कई व्यापारियों की आगामी दिवाली की तैयारियों को राख कर दिया।

व्यापारियों ने दिवाली के सीजन में अच्छे कारोबार की उम्मीद में लाखों रुपए का माल जमा कर लिया था। उनकी आंखों के सामने वही माल आग की लपटों में जलता रहा। दुकान में माल जलता देख कोई व्यापारी रो पड़ा तो एक व्यापारी की पत्नी की तबीयत खराब हो गई। बड़ी चौपड़ स्थित मणिहारों का कटला-सेठी कॉम्पलेक्स में गुरुवार सुबह करीब 7 बजे आग लग गई थी। कॉम्पलेक्स की दूसरी मंजिल पर चूड़ियों के गोदाम में शॉर्ट सर्किट से आग लगी थी। धीरे-धीरे 25 दुकानें आग की चपेट में आ गईं। इनमें कपड़ों के गोदाम, प्लास्टिक का सामान, कॉस्मेटिक आइटम और चूड़ियों की दुकानें थीं। आग को करीब 7 घंटे बाद बुझा लिया गया था। हालांकि धुआं शाम तक उठता रहा।



वहीं पुलिस, दमकल, सिविल डिफेंस और एसडीआरएफ जवान जान जोखिम में डालकर आग बुझाने की कोशिश करते रहे। व्यापारी कमल अग्रवाल आग में अपनी दुकान का माल जलता देखकर रोते-बिलखते नजर आए। मणिहारों के कटला सेठी कॉम्पलेक्स में व्यापारी कमल अग्रवाल सीजनल सामान का कारोबार करते हैं। कमल की यहां तीन दुकानें खुद की हैं, जबकि दो दुकानें किराये पर ले रखी थीं। दिवाली के सीजन को देखते हुए उन्होंने पांचों दुकानों में बड़ी मात्रा में सामान स्टॉक कर रखा था। इनमें बंदरवाल, दिवाली सजावट का सामान, धागों की गट्टियां और टेलरिंग से जुड़े सीजनल आइटम शामिल थे। आग की चपेट में उनकी तीन दुकानें आ गईं और बड़ी मात्रा में माल जलकर राख हो गया। आग की सूचना मिलने के बाद कमल अग्रवाल अपनी पत्नी और बेटे प्रणव अग्रवाल के साथ मौके पर पहुंचे। अपनी दुकानों को जलता देखकर कमल भावुक हो गए। वह एक कोने में बैठकर लगातार आंसू पोंछते नजर आए। कॉम्पलेक्स के सेक्रेटरी राम कटारिया ने बताया- दिवाली सीजन को देखते हुए कमल ने बड़ी मात्रा में माल भरकर रखा था। आग में नुकसान देखकर कमल की पत्नी नुकसान देखकर रोने लगीं। परिजनों और रिश्तेदारों ने उन्हें संभाला।

वहीं बाद में कमल की पत्नी की तबीयत बिगड़ गई और बीपी लो हो गया। उन्हें अस्पताल ले जाना पड़ा। वहीं कमल की हालत भी खराब होने पर उन्हें घर भेजा गया। कमल के बेटे प्रणव अग्रवाल ने बताया- परिवार सीजनल कारोबार करता है। दिवाली पर अच्छे व्यापार की उम्मीद में बड़ी मात्रा में सामान खरीदा था। आग लगे हिस्से के पास जाने की अनुमति नहीं मिलने के कारण वे अपने माल की स्थिति भी ठीक से नहीं देख पाए।



## ब्रीफ न्यूज

### जोधपुर: वार्ड 50 से भाजपा के हेमाराम चौधरी जीते

**जोधपुर**। नगर निगम जोधपुर के वार्ड संख्या 50 में पुनर्मतदान के बाद मतगणना संपन्न हुई। परिणाम के अनुसार भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी हेमा राम चौधरी को 1,725 मत प्राप्त हुए और वे 83 मतों के अंतर से विजयी रहे। इण्डियन नेशनल कांग्रेस के प्रत्याशी युवराज को 1,642 मत प्राप्त हुए।

### 'युवा धर्म संसद' में पहुंचे देश भर से छात्र

**उज्जैन**। शहर में गुरुवार से 19 सितंबर तक तीन दिवसीय 'युवा धर्म संसद' का आयोजन देवास रोड स्थित गीता भवन में किया जा रहा है। इसमें देश के 25 राज्यों से चयनित करीब 1700 छात्र-छात्राएं शामिल हुए हैं। युवा पंचायत में राष्ट्र निर्माण व सामाजिक विषयों पर संवाद होगा।



### वाहन ने परिवार को कुचला, 4 की मौत

**मुरैना**। नेशनल हाईवे-44 पर नूराबाद थाना क्षेत्र में गुरुवार शाम दर्दनाक सड़क हादसे में दो बच्चों, एक महिला और एक पुरुष की मौत हो गई। चारों एक ही बाइक से मुरैना से ग्वालियर जा रहे थे। बाइक कचरा ढोने वाले रिक्शे से टक्कर हुई, इसी दौरान पीछे से आए अज्ञात वाहन ने कुचल दिया।



### गडकरी की त्वरित कार्रवाई पर तन्खा ने की तारीफ

**जबलपुर**। शहपुरा आरओबी की क्षतिग्रस्त एप्रोच के कारण यात्रियों को हो रही परेशानी को लेकर राज्यसभा सांसद विवेक तन्खा ने केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी को पत्र लिखा। करीब पांच मिनट बाद ही उनका फोन आया। तन्खा ने गडकरी की तारीफ करते हुए उन्हें सज्जन स्वभाव का मंत्री बताया।



सेमीकॉन इंडिया के पांचवें संस्करण के उद्घाटन समारोह में बोले पीएम मोदी

# सेमीकंडक्टर क्षेत्र में चिप डिजाइन से कमर्शियल प्रोडक्शन तक पहुंचा भारत

▪ पीएम ने सेमीकंडक्टर मिशन के दूसरे चरण, सप्लाई चेन, फैबलेस कंपनियों, आरएंडडी, कुशल युवाओं और ऊर्जा सुरक्षा को भारत के सेमीकंडक्टर ईकोसिस्टम के विस्तार के लिए अहम बताया



नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को कहा कि भारत सेमीकंडक्टर क्षेत्र में चिप डिजाइन से लेकर कमर्शियल प्रोडक्शन तक पहुंच गया है। सेमीकॉन इंडिया के पांचवें संस्करण के उद्घाटन समारोह में उन्होंने कहा कि 2022 में शुरू हुई इस यात्रा में पहले नीति, फिर परियोजनाओं, पायलट लाइनों और टेस्ट चिप्स से जुड़े चरण आए और अब भारत के प्लांट्स से चिप्स देश और दुनिया के ग्राहकों तक पहुंचने लगी हैं।

प्रधानमंत्री ने कहा कि मोहाली और सूरत में दो और प्लांट्स में कमर्शियल प्रोडक्शन शुरू हो रहा है। उन्होंने सेमीकंडक्टर मिशन के दूसरे चरण, सप्लाई चेन, फैबलेस कंपनियों, आरएंडडी, कुशल युवाओं और ऊर्जा सुरक्षा को भारत के लिए फायदेमंद बताया।

**मोहाली और सूरत में दो और प्लांट्स में कमर्शियल प्रोडक्शन शुरू हो रहा**



नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अश्विनी वैष्णव

»» ***सेमीकंडक्टर मिशन के पहले चरण का आकार करीब 8 बिलियन डॉलर था***

»» ***दूसरे चरण के लिए 13.5 बिलियन डॉलर तक का प्रावधान किया गया***

### 'इंडिया विजन 2035' की घोषणा

1. एप्लाइड मैटेरियल्स 5 अरब डॉलर का निवेश करेगी और लैम रिसर्च ने करीब 10,000 करोड़ का निवेश करेगी
2. टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स ने 16 समझौते किए
3. माइक्रोन ने गुजरात के साणंद संयंत्र में उत्पादन बढ़ाने की घोषणा की
4. नीदरलैंड स्थित सेमीकंडक्टर उपकरणों की प्रमुख कंपनी एएसएमएल भारत में स्थानीय सप्लाई चेन तैयार करेगी

### एक लाख इंजीनियरिंग छात्रों की स्किलिंग का लक्ष्य

पीएम मोदी ने कहा कि चिप डिजाइनिंग के लिए बड़े पैमाने पर स्किलिंग का काम चल रहा है। सरकार ने एक लाख इंजीनियरिंग छात्रों को सेमीकंडक्टर इंडस्ट्री के लिए प्रशिक्षित करने का लक्ष्य रखा है और अब तक 70 हजार से अधिक युवाओं को ट्रेनिंग दी जा चुकी है।

### चिप ईकोसिस्टम के सभी हिस्सों पर एक साथ काम

पीएम मोदी ने कहा कि सेमीकंडक्टर सेक्टर में तकनीकी क्षमताएं तैयार करने में दशकों लगते हैं। भारत ने चिप डिजाइन, मैन्युफैक्चरिंग, इक्विपमेंट मैन्युफैक्चरिंग, मैटेरियल ईकोसिस्टम और टेस्टिंग कैपेबिलिटी जैसे क्षेत्रों पर एक साथ काम किया है। पहले चरण का आकार करीब 8 बिलियन डॉलर था, जबकि दूसरे चरण के लिए 13.5 बिलियन डॉलर तक का प्रावधान तय किया गया है। सरकार का प्रयास भारत में फैबलेस कंपनियों की वृद्धि और देश में ही इंटेलेक्चुअल प्रॉपर्टी के निर्माण को बढ़ावा देना है।

त्रि-भाषा नीति का तमिलनाडु सरकार द्वारा विरोध

# सुप्रीम कोर्ट ने कहा- ऐसा नहीं हो सकता कि वहां हिंदी न पढ़ाई जाए

नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को तमिलनाडु सरकार को राज्य के हर जिले में जवाहर नवोदय विद्यालय खोलने के लिए उपयुक्त जमीन चिन्हित करने का निर्देश दिया। जस्टिस बीवी नागरत्ना और जस्टिस ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने राज्य को अपने 15 दिसंबर 2025 के आदेश का पालन करने के लिए तीन महीने का अतिरिक्त समय दिया। मामले की अगली सुनवाई 14 दिसंबर को होगी। सुनवाई के दौरान पीठ ने नवोदय विद्यालयों में लागू तीन-भाषा नीति का तमिलनाडु द्वारा विरोध किए जाने पर सवाल उठाए। जस्टिस नागरत्ना ने कहा कि राज्य को अपनी सोच बदलनी चाहिए।



केंद्र और राज्य बातचीत से मतभेद सुलझाएं

**वकील का तर्क- यह नीति तमिल भाषा को पीछे छोड़ती है**

तमिलनाडु की ओर से पेश सीनियर एडवोकेट जयदीप गुप्ता ने कोर्ट को बताया कि राज्य को स्कूलों या हिंदी पढ़ाने से कोई दिक्कत नहीं है, बल्कि उन्हें नवोदय योजना से जुड़ी भाषा नीति पर आपत्ति है। यह राज्य की नीति के खिलाफ है। यह तमिल भाषा को पीछे छोड़ती है। इस तरह का एकीकरण संविधान का मकसद नहीं है।

# जोधपुर में 20 से तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय पर्यावरण सम्मेलन

## यूएन के वैज्ञानिक सलाहकार डॉ. कार्लोस करेंगे संबोधित; दुनियाभर से आएंगे जलवायु विशेषज्ञ

थिंक राजस्थान • जोधपुर

जोधपुर में गुरु जंभेश्वर पर्यावरण संरक्षण शोध पीठ की ओर से तीन दिन अंतरराष्ट्रीय पर्यावरण सम्मेलन खेजड़ली में आयोजित किया जाएगा। 20 से 22 सितंबर तक होने वाले इस सम्मेलन में दुनियाभर के जलवायु एक्सपर्ट हिस्सा लेंगे। इसमें मुख्य अतिथि व की-नोट स्पीकर 2007 में नोबेल शांति पुरस्कार जीतने वाली आईपीसीसी टीम के मुख्य लेखक और यूएन वैज्ञानिक सलाहकार डॉ. कार्लोस अलोंसो नोब्रे होंगे। इस दौरान अमेजन के जंगलों को बचाने वाले दुनिया के शीर्ष वैज्ञानिक खेजड़ली के 363 अमर शहीदों की शहादत को नमन करेंगे।

डॉ. कार्लोस अलोंसो नोब्रे ऑनलाइन जुड़कर मुख्य वक्ता के तौर पर संबोधित करेंगे। इस दौरान वे पर्यावरण संकट से निपटने के लिए वैश्विक रणनीति प्रस्तुत करेंगे। इसके साथ ही वे अपने अमेजोनिया 4.0 की रूपरेखा भी शेयर करेंगे।

### तीन दिन तक चिंतन

गुरु जंभेश्वर पर्यावरण संरक्षण शोध पीठ के पदाधिकारियों ने बताया कि 20 से 22 सितंबर तक चलने वाले इस तीन दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में भारत एवं विदेश के दर्जनों वरिष्ठ पर्यावरणविद्, नीति निर्माता, शोधकर्ता और बिश्नोई समाज के प्रबुद्धजन शामिल होंगे। इस सम्मेलन का उद्देश्य ग्लोबल वॉर्मिंग और मरुस्थलीकरण रोके जाने पर ठोस रणनीति बनाना, खेजड़ली के ऐतिहासिक बलिदान मॉडल को वैश्विक पाठ्यक्रमों में स्थान दिलाना, पारंपरिक ज्ञान और आधुनिक विज्ञान का समन्वय स्थापित करना है।

# दिल्ली यूनिवर्सिटी छात्र संघ चुनाव के लिए आज वोटिंग

▪ **देश का सबसे बड़ा स्टूडेंट इलेक्शन; पिछली बार ABVP ने 3 पोस्ट जीती थीं**

थिंक राजस्थान • नई दिल्ली

दिल्ली यूनिवर्सिटी में शुक्रवार को छात्र संघ (DUSU) चुनाव के लिए वोटिंग होनी है। डे कॉलेज के स्टूडेंट्स के लिए वोटिंग का समय सुबह 8:30 बजे से दोपहर 1:00 बजे तक है। वहीं, इवनिंग शिफ्ट के छात्रों के लिए वोटिंग दोपहर 3:00 बजे से शाम 7:30 बजे तक होगी। नतीजे 19 सितंबर को आएंगे। करीब 2.75 लाख छात्र ही इस चुनाव में वोटिंग के लिए एलिजिबल हैं। यह देश का सबसे बड़ा स्टूडेंट इलेक्शन है। 2025 के चुनाव में ABVP ने 4 में से 3 पोस्ट जीती थीं।

**दिल्ली यूनिवर्सिटी में 2 कैंपस, 91 कॉलेज, चुनाव 52 में:** डीयू में दो कैंपस हैं। साउथ-नॉर्थ कैंपस लगभग 15 किमी की दूरी पर बने हैं। दोनों कैंपस मिलाकर DU में 91 कॉलेज आते हैं, लेकिन DUSU के चुनावों में DU के सभी कॉलेज वोट नहीं कर सकते हैं। DUSU में सिर्फ 52 कॉलेज और फैकल्टी ही सीधे तौर पर वोटिंग में हिस्सा लेते हैं।

# नशा मुक्त भारत अभियान: महात्मा गांधी दिव्यांग विवि में ली नशामुक्ति की शपथ

▪ **नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूकता एवं नशामुक्त समाज के निर्माण का लिया संकल्प**

थिंक राजस्थान • जोधपुर

नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत महात्मा गांधी दिव्यांग विश्वविद्यालय, जोधपुर में गुरुवार को नशामुक्ति शपथ कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के अधिकारियों एवं समस्त कार्मिकों ने नशे से स्वयं दूर रहने तथा समाज में नशे के विरुद्ध जागरूकता का प्रसार करने का संकल्प लिया। विश्वविद्यालय की कुलसचिव सुश्री हीना कल्ला ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य नशीले पदार्थों के सेवन से होने वाले दुष्प्रभावों के प्रति व्यापक जागरूकता विकसित करना तथा नशामुक्त समाज के निर्माण में सामूहिक सहभागिता सुनिश्चित करना है। कार्यक्रम के दौरान पीपीटी प्रस्तुतीकरण के माध्यम से विभिन्न प्रकार के नशीले पदार्थों के दुष्प्रभाव, नशे से बचाव के उपाय तथा नशामुक्त जीवनशैली के महत्व की जानकारी दी गई। साथ ही क्यूआर कोड स्कैन कर ऑनलाइन शपथ लेने की प्रक्रिया से भी अवगत कराया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय परिवार के सदस्यों ने शपथ लेते हुए नशीले पदार्थों का सेवन नहीं करने तथा अपने परिवार, परिचितों एवं समाज के अन्य लोगों को भी नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में कार्मिकों की सक्रिय सहभागिता रही तथा नशामुक्त भारत के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया गया।

# पीएम मोदी का जन्मदिन: उज्जैन में जलाए गए 33.27 लाख दीये:वर्ल्ड रिकॉर्ड बना; उत्तराखंड में PM के नाम पर पूजा; वडनगर से बनारस तक बाइक रैली

**नई दिल्ली**। पीएम मोदी के 76वें जन्मदिन पर गुरुवार को राजस्थान सहित देशभर में दीपोत्सव मनाया गया। मध्यप्रदेश के उज्जैन में क्षिप्रा नदी के किनारे एक साथ 33.27 लाख दीये जलाकर एक विश्व रिकॉर्ड बनाया गया। पूरे मध्य प्रदेश में कुल मिलाकर 3.55 करोड़ दीये एक साथ जलाए गए। वहीं राजस्थान में प्रदेश भाजपा कार्यालय, अल्बर्ट हॉल सहित प्रदेशभर में कार्यकर्ताओं और पार्टी पदाधिकारियों ने पीएम मोदी का जन्मदिन धूमधाम से मनाया। उत्तराखंड के देहरादून में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने यमुना घाट पर पीएम मोदी के नाम से पहली पूजा और आरती कराई। मोदी के जन्मदिन पर पूरे बिहार में 21 लाख दीये जलाए गए। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और गुजरात के सीएम भूपेन्द्र पटेल ने कांकरिया झील पर आरती की। इससे पहले शाह ने वडनगर में कहा कि मोदी दुनिया के सबसे लोकप्रिय नेताओं में हैं।



अल्बर्ट हॉल जयपुर



# CJP अब आदिवासी इलाकों के स्कूलों में जाएगी, दिया जलाएंगी


▪ **रांका बोले- उदयपुर संभाग से होगी शुरुआत**

थिंक राजस्थान • जयपुर

राजस्थान सरकार ने प्रधानमंत्री के जन्मदिन पर अगले एक महीने तक स्कूल-कॉलेजों में 'आशीर्वाद का दिया' जलाने की बात कही है। हम भी आदिवासी इलाकों के स्कूलों में आशीर्वाद का दिया जलाएंगे और उम्मीद करेंगे कि सरकार इन स्कूलों की सुध लें। शुक्रवार से उदयपुर संभाग से सीजेपी की ओर से आदिवासी स्कूल ठीक करो कैंपेन' शुरू करेंगे। इसके बाद देशभर में अभियान चलाया जाएगा। यह बात कॉकरोच जनता पार्टी (CJP) नेशनल कन्वीनर आशुतोष रांका ने जयपुर में पीयूसीएल ऑफिस में गुरुवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान कही। इससे पहले सीजेपी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर आशीर्वाद का दीया जलाया।

रांका ने कहा- आदिवासी स्कूल ठीक करो कैंपेन' के तहत राजस्थान के उदयपुर, डूंगरपुर, बांसवाड़ा, झालावाड़, सिरोही, बारां-अंता समेत आदिवासी आबादी वाले इलाकों में स्कूलों का दौरा कर वहां की स्थिति का डॉक्यूमेंटेशन किया जाएगा। इसके बाद गुजरात, मध्य प्रदेश, झारखंड और नॉर्थ ईस्ट के राज्यों में भी अभियान ले जाने की योजना है।

# बिलाड़ा विधायक ने केक काटकर मनाया पीएम मोदी का जन्मदिन



थिंक राजस्थान • बिलाड़ा। देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर बिलाड़ा विधायक अर्जुन लाल गर्ग ने हाल ही में हुए चुनाव में भाजपा के जीते हुए पार्षदों के साथ एक भव्य धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया,इस दौरान पार्षदों व कार्यकर्ताओं द्वारा 501 दीपक प्रज्वलित कर व विधायक अर्जुनलाल गर्ग द्वारा केक काटकर पीएम मोदी जी की लंबी उम्र,उत्तम स्वास्थ्य और राष्ट्र कल्याण की कामना की। इस अवसर पर पूर्व पालिका अध्यक्ष रूप सिंह सीरवी पूर्व प्रधान सुमित्रा बिश्नोई सहित भाजपा के कई पदाधिकारी मौजूद रहे।

## ब्रीफ न्यूज

### निम्बार्क वैदिक संस्कृत समिति भीलवाड़ा द्वारा शिक्षक सम्मान कार्यक्रम आयोजित



थिंक राजस्थान • ब्यावर

आदर्श विद्या मंदिर उच्च माध्यमिक विद्यालय, ब्यावर के प्रधानाचार्य *नवीन कुमार सैनी एवं मीडिया प्रभारी राकेश कुमार* को संस्कृत भाषा के प्रचार-प्रसार में उल्लेखनीय कार्य करने हेतु प्रशस्ति-पत्र व स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया। यह सम्मान निम्बार्क वैदिक संस्कृत समिति, भीलवाड़ा - शाखा ब्यावर द्वारा प्रदान किया गया। समिति के संयोजक बद्री प्रसाद शर्मा एवं सह-संयोजिका श्रीमती श्वेता दाधीच ने दोनों को सम्मानित किया। इस अवसर पर अपने संबोधन में संयोजक बद्री प्रसाद शर्मा ने बताया कि निम्बार्क वैदिक संस्कृत समिति, शाखा ब्यावर द्वारा प्रतिवर्ष संस्कृत भाषा एवं सामान्य ज्ञान परीक्षा का आयोजन करवाया जाता है। इसका उद्देश्य भैया-बहिनों में संस्कृत भाषा के प्रति अभिरुचि जागृत करना तथा सामान्य ज्ञान में अभिवृद्धि करना है। संस्था परिवार ने इस उपलब्धि पर प्रधानाचार्य सैनी एवं राकेश कुमार को बधाई दी।

### रिखछठ पर गूंजे बाबा रामदेवजी के जयकारे, निकली भव्य शोभायात्रा



थिंक राजस्थान • बिलाड़ा

मेघवाल समाज के आराध्य देव मेघऋषि की रिख छठ जयंती के अवसर पर उदलियावास में मेघवाल समाज की ओर से धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस दौरान अलखजी महाराज एवं बाबा रामदेवजी का जम्मा जागरण हुआ। गांव में डीजे एवं ढोल-नगाड़ों के साथ भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में समाज के पंच, युवा एवं महिलाएं उत्साह के साथ शामिल हुए। शोभायात्रा गांव के प्रमुख मार्गों से होते हुए अलखजी महाराज एवं बाबा रामदेवजी महाराज के मुख्य मंदिर पहुंची। यहां श्रद्धालुओं ने विधिवत पूजा-अर्चना कर बाबा की नेजा चढ़ाई तथा प्रसादी का भोग लगाया। कार्यक्रम के दौरान धार्मिक जयकारों से माहौल भक्तिमय हो गया। इस अवसर पर मेघवाल समाज उदलियावास के समस्त पंच, युवा, महिलाएं एवं समाजबंधु उपस्थित रहे।

### विकसित भारत–जन सेवा अभियान: 11 जगह शिविर, 200 यूनिट रक्त संग्रहित

थिंक राजस्थान • जोधपुर

विकसित भारत–जन सेवा अभियान के अंतर्गत गुरुवार को जोधपुर जिले में 11 प्रमुख स्थानों पर रक्तदान शिविर आयोजित किए गए। शिविरों में स्वैच्छिक रक्तदाताओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता निभाते हुए कुल 200 यूनिट रक्तदान किया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी (प्रथम) डॉ. एस एस शेखावत ने बताया कि जिला कलक्टर श्री आलोक रंजन एवं सीईओ जिला परिषद श्री आशीष कुमार मिश्रा के निर्देशानुसार आयोजित शिविरों में सेमिनार हॉल, एमडीएमएच जोधपुर में डॉ. हीरा लाल मीणा के नेतृत्व में आयोजित शिविर में सर्वाधिक 44 यूनिट रक्त संग्रहित किया गया। जिला अस्पताल पीपाड़ शहर में 28 यूनिट, सीएचसी बिलाड़ा में 25 यूनिट, सीएचसी ओसियां में 24 यूनिट तथा सीएचसी बावड़ी में 22 यूनिट रक्त एकत्रित हुआ। इसी प्रकार एम्स जोधपुर में 20 यूनिट, लॉ फैकल्टी, जेएनवीयू जोधपुर में 14 यूनिट, मेडिपल्स ब्लड सेंटर में 10 यूनिट, जेआईईटी ब्लड सेंटर में 6 यूनिट, उम्मेद ब्लड सेंटर में 4 यूनिट तथा एमजीएच ब्लड सेंटर में 3 यूनिट रक्त संग्रहित किया गया। डॉ. एस एस शेखावत ने बताया कि शिविरों के आयोजन में डॉ. राजश्री, डॉ. अंजू चौधरी, डॉ. अर्चना बाजपेयी, डॉ. बाबूलाल जैन एवं डॉ. लोकेश सहित संबंधित चिकित्सा अधिकारियों एवं कार्मिकों का महत्वपूर्ण सहयोग रहा। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी (द्वितीय) डॉ. जितेन्द्र चारण ने रक्तदान का महत्व समझाया।

# महापौर पद के छह प्रत्याशी मैदान में, आज 3 बजे तक नाम वापसी

## पाली नगर निगम: नाम निर्देशन पत्रों की हुई संवीक्षा, किसी प्रत्याशी ने नहीं लिया नाम वापस

थिंक राजस्थान • पाली



नगर निगम आम चुनाव 2026 में महापौर पद के लिए नामांकन प्रक्रिया पूरी होने के बाद गुरुवार को नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा की गई। निर्वाचन विभाग की ओर से संवीक्षा की कार्रवाई निर्धारित प्रक्रिया के तहत पूर्ण पारदर्शिता एवं नियमानुसार संपन्न कराई गई। संवीक्षा के दौरान प्राप्त नाम निर्देशन पत्रों की जांच की गई। रिटर्निंग अधिकारी नगर निगम शैलेन्द्र सिंह ने बताया कि महापौर पद के लिए कुल छह प्रत्याशियों की ओर से 10 नाम निर्देशन पत्र प्रस्तुत किए गए थे। गुरुवार को इन सभी नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा की गई। संवीक्षा के बाद चुनाव मैदान में छह प्रत्याशी हैं। महापौर पद के लिए राजबाला हिंगड, सुमित्रा जैन, पुष्पा, नमिता बुबकिया, कुसुम सोनी एवं रशीदा बानो चुनाव मैदान में हैं। गुरुवार को किसी भी प्रत्याशी ने अपना नामांकन वापस नहीं लिया।

### शुक्रवार को 3 बजे तक नाम वापसी का अवसर

सहायक रिटर्निंग अधिकारी एवं उपखंड अधिकारी पाली विमलेन्द्र सिंह राणावत ने बताया कि नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा के बाद शुक्रवार को दोपहर 3 बजे तक अभ्यर्थियों को नाम वापस लेने का अवसर रहेगा। निर्धारित समय सीमा समाप्त होने के बाद चुनाव मैदान में शेष रहने वाले अभ्यर्थियों को चुनाव चिन्ह आवंटित किए जाएंगे।

### पार्षद प्रत्याशी चुनाव खर्च का विवरण करें प्रस्तुत

सहायक रिटर्निंग अधिकारी एवं उपखंड अधिकारी पाली विमलेन्द्र सिंह राणावत ने नगर निगम चुनाव में पार्षद पद के लिए चुनाव लड़ चुके अभ्यर्थियों से चुनाव खर्च का विवरण शीघ्र प्रस्तुत करने को कहा। उन्होंने बताया कि अभ्यर्थियों को चुनाव प्रचार के दौरान प्रयुक्त वाहनों, लाउडस्पीकर, माइक्रोफोन, एम्पलीफायर, पोस्टर, बैनर, हैंडबिल, पेम्फलेट, कटआउट एवं होर्डिंग्स सहित अन्य प्रचार सामग्री पर हुए खर्च का विवरण प्रस्तुत करना होगा। निर्वाचन व्यय से संबंधित विवरण निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार समय पर प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए।

### ये अधिकारी रहे मौजूद

इस दौरान विशेषाधिकारी निर्वाचन पाली चौधरी बिरजू गोपाल, उप पंजीयक प्रथम शिवजीराम बावरी, तहसीलदार सुनील कुमार, तहसीलदार निर्वाचन नेहा चौधरी, सुरेश कुमार व्यास, ललित कुमार दवे, महेन्द्र बैरवा, मीडिया प्रभारी विक्रम सिंह परिहार, ताराचंद सेजू, रामलाल मानपुरा सहित निर्वाचन से जुड़े अधिकारी एवं कार्मिक उपस्थित रहे।

## चौपासनी मंडल: 'आशीर्वाद का दिया' किया दान



थिंक राजस्थान • जोधपुर। भारतीय जनता पार्टी प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ के निदेशानुसार देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस पर सेवा संकल्प अभियान "आशीर्वाद का दिया" दीप दान का कार्यक्रम शुभारंभ भाजपा जोधपुर शहर जिला अध्यक्ष राजेंद्र पालीवाल,"आशीर्वाद का दिया" दीप दान कार्यक्रम अभियान जिला संयोजक घनश्याम वैष्णव आदेशनुसार भाजपा चौपासनी मंडल अध्यक्ष हेमंत जानयानी, अभियान चौपासनी मंडल संयोजक परसराम तिवाड़ी के नेतृत्व में किया गया। चौपासनी हाउसिंग बोर्ड स्थित परशुराम सर्किल पर "आशीर्वाद का दिया" दीप दान कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में ओबीसी मोर्चा प्रदेश मंत्री शशि प्रकाश प्रजापत,प्रदेश प्रवक्ता दिनेश चौधरी, महिला मोर्चा प्रदेश कार्यक्रम प्रभारी नीलम नीलम मुंद्रडा, जिला कार्यकारिणी सदस्य अंकित पुरोहित, सुमीत पंवार, मुन्नी देवी जांगिड़, अशोक जांगिड़, (पपसा) कविता फुलवानी,जिला आईटी सेल संयोजक अरविंद सांखला,महिला मोर्चा जिला उपाध्यक्ष सोनिया कोहली,आईटी सेल प्रभारी, सोशल मीडिया प्रभारी रेखा पवार, महिला मोर्चा चौपासनी मंडल महामंत्री सरला ग़मनानी, पूर्व प्रताप नगर अध्यक्ष अशोक मूलचंदानी,मंडल उपाध्यक्ष सूरज सुथार, जुगल सांखला, चौपासनी मंडल सह संयोजक मंडल मंत्री राजेंद्र शर्मा, माया मगलानी,पार्षद प्रत्याशी रवि मामडोली, बूथ अध्यक्ष नरपत लाल सोनी,कपिल सिसोदिया,सुनीता सेववानी, लक्ष्मी पंजाबी,आदि अन्य जिला, प्रदेश, मंडल पदाधिकारी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## दीपावली के लिए अस्थाई पटाखा लाइसेंस की आवेदन प्रक्रिया शुरू

### जोधपुर में 8 अक्टूबर तक जमा होंगे आवेदन

थिंक राजस्थान • जोधपुर

दीपावली पर्व-2026 को दृष्टिगत रखते हुए जिला जोधपुर में अस्थाई पटाखा लाइसेंस के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। जिला जोधपुर के पुलिस कमिश्नरेट क्षेत्र को छोड़कर अन्य क्षेत्रों के आवेदक विस्फोटक नियम, 2008 के तहत निर्धारित प्रपत्र (प्रारूप एई-5) में आवेदन 8 अक्टूबर, 2026 (गुरुवार) तक कार्यालय जिला मजिस्ट्रेट, जोधपुर की न्यायिक शाखा में प्रस्तुत कर सकेंगे।

अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट, जोधपुर ने बताया कि अस्थाई आतिशबाजी दुकानों के लिए लाइसेंस प्राप्त करने के इच्छुक आवेदकों को निर्धारित प्रारूप में आवेदन के साथ आवश्यक दस्तावेजों के चार-चार सेट प्रस्तुत करने होंगे। प्रस्तावित स्थल का स्वहस्ताक्षरित ब्ल्यू प्रिंट मानचित्र चार प्रतियों में प्रस्तुत करना होगा, जिसमें आसपास स्थित व्यावसायिक परिसरों की स्थिति स्पष्ट रूप से अंकित होनी चाहिए। प्रस्तावित दुकान का क्षेत्रफल 9 वर्गमीटर से कम तथा 25 वर्गमीटर से अधिक नहीं होना चाहिए। आवेदन के साथ आवेदक के पहचान संबंधी दस्तावेज की छायाप्रति चार प्रतियों में, प्रस्तावित व्यावसायिक स्थल के स्वामित्व, किरायानामा अथवा सहमति पत्र आदि से संबंधित प्रमाणित दस्तावेज चार प्रतियों में तथा स्वामित्व संबंधी पहचान दस्तावेज की एक प्रति प्रस्तुत करनी होगी। यदि प्रस्तावित स्थल ग्राम पंचायत के क्षेत्राधिकार में आता है, तो संबंधित ग्राम पंचायत के पदेन सचिव का अनापत्ति प्रमाण पत्र चार प्रतियों में संलग्न करना होगा। इसके अतिरिक्त आवेदक को आवेदन पत्र पर निर्धारित पासपोर्ट साइज का फोटो लगाना होगा तथा दो अतिरिक्त पासपोर्ट साइज फोटो भी प्रस्तुत करने होंगे।

# जोजरी नदी में औद्योगिक प्रदूषित जल से प्रभावित कृषि भूमि की जांच के लिए विशेषज्ञों ने दोबारा किया दौरा

थिंक राजस्थान • जोधपुर



**जोधपुर**। जोधपुर की औद्योगिक समूहों के प्रदूषित जल बहाव क्षेत्र में लगातार बंजर हो रही कृषि भूमियों डोली- अराबा क्षेत्र में जोजरी नदी के प्रदूषित जल से हुए भूमि प्रदूषण की स्थिति की जांच एवं उसके उपचार के लिए कृषि विभाग, कृषि विश्वविद्यालय एवं कृषि विज्ञान केंद्र के विशेषज्ञों की संयुक्त समिति ने क्षेत्र का भ्रमण किया।

समिति ने डोली, अराबा एवं कल्याणपुर क्षेत्र में पहुंचकर किसानों से संवाद किया तथा प्रदूषित जल के भराव और फसलों की स्थितियां का जायजा लिया। समिति के अध्यक्ष एवं अतिरिक्त निदेशक कृषि विस्तार, जोधपुर खंड जोधपुर गूगनराम मटोरिया के नेतृत्व में टीम ने जोजरी नदी के बहाव क्षेत्र के आसपास के गांवों का दौरा किया। प्रभावित क्षेत्रों में प्रदूषित जल के भराव की स्थिति, कृषि भूमि एवं फसलों पर पड़ रहे संभावित प्रभाव तथा प्रभावित किसानों की स्थिति के बारे में जानकारी जुटाई गई। समिति में कृषि विश्वविद्यालय जोधपुर के निदेशक अनुसंधान डॉ. मनमोहन सुंदरिय, कृषि विज्ञान केंद्र गुड़ामालानी के प्रभारी डॉ. प्रदीप कुमार पगारिया, क्षेत्रीय निदेशक कृषि अनुसंधान केंद्र मंडोर जोधपुर डॉ. एम.एल. मेहरिया, संयुक्त निदेशक कृषि विस्तार बालोतरा रूपेश लव्वा, सहायक कृषि अधिकारी कल्याणपुर विजेंद्र गर्ग एवं कृषि पर्यवेक्षक डोली मनोज कुमार शामिल रहे।

समिति द्वारा जोजरी नदी के बहाव क्षेत्र के आसपास औधोगिक समूहों द्वारा छोडा गया प्रदूषित जल से प्रभावित क्षेत्रों का सर्वेक्षण किया जा रहा है। इसके तहत प्रदूषित क्षेत्र के विस्तार एवं प्रभावित किसानों की संख्या का आकलन किया जा रहा है। समिति के सदस्यों ने किसानों से सीधे संवाद कर भूमि की बंजर स्थिति, फसल उत्पादन एवं प्रदूषित जल के भराव से संबंधित जानकारी प्राप्त की। कृषि विभाग की ओर से प्रभावित क्षेत्रों से मिट्टी एवं पानी के नमूने लिए जाएंगे तथा उन्हें आवश्यक जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा जाएगा।

प्रयोगशाला से प्राप्त जांच परिणामों के आधार पर भूमि में प्रदूषण की स्थिति का वैज्ञानिक आकलन किया जाएगा। इसके बाद प्रभावित कृषि भूमि के उपचार एवं सुधार के लिए आवश्यक कार्ययोजना तैयार की जाएगी। समिति द्वारा क्षेत्र में किसानों से सतत संपर्क रखते हुए भूमि एवं फसलों की स्थिति की जानकारी संकलित की जा रही है, ताकि प्रदूषण के संभावित प्रभावों का वैज्ञानिक आधार पर आकलन कर आगे की कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके।

## भाजपा के धनबल, सत्ताबल, बाहुबल और पुलिस बल के दुरुपयोग के बाद भी लोकतांत्रिक जनादेश के बल पर कांग्रेस का बोर्ड बनाएंगे: उचियारड़ा

# जोधपुर में 'उचियारड़ा फैक्टर' की गूंज: 50 से अधिक वार्डों में दस दिन तक रात-दिन प्रचार; अब बोर्ड गठन की निर्णायक जंग में करण सिंह उचियारड़ा

थिंक राजस्थान • जोधपुर

जोधपुर नगर निगम चुनाव के नतीजों ने शहर की राजनीति को बेहद दिलचस्प मोड़ पर ला खड़ा किया है। कांग्रेस और भाजपा के बीच बेहद करीबी मुकाबले के बाद अब निगम बोर्ड के गठन को लेकर राजनीतिक गतिविधियां तेज हो गई हैं। इसी बीच कांग्रेस के लोकसभा प्रत्याशी रहे करण सिंह उचियारड़ा ने बोर्ड गठन को लेकर खुलकर मोर्चा संभाल लिया है। चुनाव प्रचार के अंतिम दस दिनों में 50 से अधिक वार्डों में रात-दिन लगातार जनसंपर्क, सभाएं, रोड शो और कार्यकर्ता बैठकों के जरिए कांग्रेस के पक्ष में माहौल बनाने वाले उचियारड़ा अब चुनाव परिणाम के बाद निर्दलीय निर्वाचित पार्षदों से संवाद में सक्रिय हैं। उचियारड़ा की सक्रियता वाले अनेक वार्डों में पार्टी प्रत्याशियों को सफलता मिली है। उनके अभियान में स्थानीय समस्याओं को प्रमुखता से उठाने के साथ-साथ कार्यकर्ताओं को बूथ और वार्ड स्तर पर सक्रिय करने पर विशेष जोर रहा।

### जनता के जनादेश से बनेगा बोर्ड

बोर्ड गठन को लेकर उचियारड़ा का तेवर अब और अधिक स्पष्ट है। उनका कहना है कि राजनीतिक दबाव, सत्ता के प्रभाव और संसाधनों के इस्तेमाल के बावजूद कांग्रेस लोकतांत्रिक तरीके से अपना बोर्ड बनाने के लिए पूरी ताकत से मैदान में है। उचियारड़ा के शब्दों में, "धनबल, सत्ताबल, बाहुबल और पुलिस बल का भाजपा द्वारा कितना भी असंवैधानिक इस्तेमाल कर लिया जाए, लोकतंत्र में अंतिम ताकत जनता का जनादेश होता है। हम पार्षदों के साथ संवाद कर रहे हैं और लोकतांत्रिक तरीके से कांग्रेस का बोर्ड बनाएंगे।" उन्होंने निर्वाचित निर्दलीय पार्षदों से भी अपील की है कि वे किसी दबाव में नहीं आएं और अपने वार्ड की जनता के हित में स्वतंत्र निर्णय लें।



### चुनाव प्रचार के बाद अब राजनीतिक संवाद का दौर

उचियारड़ा की भूमिका चुनाव परिणाम के साथ समाप्त नहीं हुई है। पिछले दस दिनों के चुनाव अभियान के बाद अब वे कांग्रेस के निर्वाचित पार्षदों को एकजुट रखने और निर्दलीय पार्षदों के साथ संवाद स्थापित करने में जुटे हैं। उनके लगातार संपर्कों को कांग्रेस के भीतर निगम बोर्ड गठन की रणनीति के महत्वपूर्ण हिस्से के रूप में देखा जा रहा है। उचियारड़ा समर्थकों का कहना है कि चुनाव मैदान में वार्ड-वार पहुंच बनाने के बाद अब उसी नेटवर्क को राजनीतिक संवाद और संगठनात्मक समन्वय में इस्तेमाल किया जा रहा है।

### स्थानीय मुद्दे बने उचियारड़ा के अभियान का आधार

उचियारड़ा ने प्रचार के दौरान शहर की मूलभूत सुविधाओं को प्रमुखता दी। पानी, सफाई, सड़क, सीवरेज, रोजगार, कानून-व्यवस्था, अस्पताल, स्कूल और बंद औद्योगिक इकाइयों जैसे मुद्दों को लेकर उन्होंने मतदाताओं से सीधा संवाद किया। उनका अभियान बड़े राजनीतिक भाषणों के साथ-साथ स्थानीय स्तर के संवाद पर भी केंद्रित रहा। यही वजह रही कि कई वार्डों में कांग्रेस प्रत्याशियों ने उचियारड़ा की सभाओं और जनसंपर्क कार्यक्रमों को अपने अभियान का महत्वपूर्ण हिस्सा बनाया।

### उचियारड़ा का भाजपा पर दबाव की राजनीति का आरोप

जोधपुर की निगम राजनीति में चुनाव परिणाम के बाद सबसे बड़ा सवाल अब बोर्ड गठन का है। कांग्रेस के सामने अपने निर्वाचित पार्षदों को एकजुट रखने और निर्दलीय पार्षदों से समर्थन हासिल करने की चुनौती है। इस पूरे घटनाक्रम में करण सिंह उचियारड़ा की भूमिका इसलिए महत्वपूर्ण हो गई है कि वे चुनाव से पहले 50 से अधिक वार्डों में मैदान में सक्रिय रहे और चुनाव के बाद भी राजनीतिक संपर्क अभियान को जारी रखे हुए हैं। उनका स्पष्ट संदेश है "लड़ाई चाहे कितने भी बड़े धनबल, सताबल, बाहुबल और पुलिस बल के सामने हो, हमारा भरोसा जनता के जनादेश और लोकतांत्रिक प्रक्रिया पर है और लोकतंत्र की बुनियाद पर जोधपुर में कांग्रेस का बोर्ड बनाएंगे"

## ब्रीफ न्यूज

### दशलक्षण पर्युषण पर्व: मंदिरों में पूजन



थिंक राजस्थान • आनंदपुर कालू

कस्बे में दिगम्बर जैन समाज की ओर से दशलक्षण पर्युषण पर्व के अवसर श्रदालुओं द्वारा श्रद्धा, भक्ति एवं धार्मिक उल्लास के पुजन किया जा रहा है। पर्व को लेकर जैन समाज में उत्साह का माहौल हे मन्दिरों को आकर्षक रोशनी से सजाया गया गुरुवार को दिगम्बर जैन नया मंदिर एवं दिगम्बर जैन बड़ा मंदिर में भगवान महावीर स्वामी की नित्य नियम पूजा-अर्चना एवं अभिषेक के साथ दशलक्षण पर्युषण पर्व के दुसरे दिन मार्दव धर्म का विधिवत पूजन किया गया। श्रद्धालुओ ने धार्मिक अनुष्ठानों में भाग लेकर धर्म लाभ लिया। पूजन कार्यक्रम में सुभाष चन्द कोठारी महावीर प्रसाद बोहरा, लूणकरण जैन, महावीर प्रसाद कोठारी जयकुमार पाटनी, दौलतचंद कासलीवाल, सुनिल कासलीवाल राजेश कासलीवाल रजत बोहरा लालचन्द जैन आनन्द जैन राकेश कोठारी ललित जैन अमित जैन संतोष जैन, सुमित्रा जैन मधु बोहरा, लक्ष्मी जैन, सरिता जैन, मंजू जैन, ममता, सीमा, मोनिका सहित श्रदालुओं ने प्रात काल में पुजन अभिषेक एव सायकालिन आरती भजन किर्तन सहितधार्मिक आयोजन में भाग लिया।

### जोधपुर: 6 नगर पालिकाओं में अध्यक्ष पद के लिए 16 अभ्यर्थियों के 17 नामांकन वैध

थिंक राजस्थान • जोधपुर

नगर निकाय आम चुनाव-2026 के तहत जोधपुर जिले की 6 नगर पालिकाओं में अध्यक्ष पद के लिए 16 अभ्यर्थियों द्वारा कुल 17 नामांकन पत्र दाखिल किए गए हैं। नामांकन पत्रों की संवीक्षा के उपरांत सभी 17 नामांकन पत्र वैध पाए गए हैं। किसी भी अभ्यर्थी का नामांकन निरस्त नहीं हुआ है।

**▪ पीपाड़ शहर, बिलाड़ा, भोपालगढ़, बालेसर-सत्ता, तिंवरी एवं मथानिया में किसी भी अभ्यर्थी का नामांकन निरस्त नहीं**

**निकायवार नामांकन की स्थिति:** पीपाड़ शहर नगर पालिका, जिसमें 35 वार्ड हैं, में अध्यक्ष पद के लिए 2 अभ्यर्थियों ने 2 नामांकन पत्र दाखिल किए हैं। 40 वार्ड वाली बिलाड़ा नगर पालिका में 3 अभ्यर्थियों ने 3 नामांकन पत्र प्रस्तुत किए हैं। 25 वार्ड वाली भोपालगढ़ नगर पालिका में 5 अभ्यर्थियों ने 6 नामांकन पत्र दाखिल किए हैं। इसी प्रकार 25-25 वार्ड वाली बालेसर-सत्ता, तिंवरी एवं मथानिया नगर पालिकाओं में अध्यक्ष पद के लिए प्रत्येक निकाय में 2-2 अभ्यर्थियों द्वारा 2-2 नामांकन पत्र प्रस्तुत किए गए हैं। संवीक्षा प्रक्रिया पूर्ण होने के उपरांत जिले की सभी 6 नगर पालिकाओं में अध्यक्ष पद के लिए कुल 16 अभ्यर्थियों की स्थिति निर्धारित हुई है। निर्वाचन कार्यक्रम के अनुसार 18 सितंबर को अपराह्न 3 बजे तक नाम वापस लिए जा सकेंगे। इसके पश्चात अभ्यर्थियों को चुनाव चिह्नों का आवंटन किया जा सकेगा।

# जिम्मेदार नागरिकों ने लिखी नई इबारत: निर्दलीयों के सहारे कांग्रेस खेल बिगाड़ने की रणनीति में जुटी

## नगरपालिकाओं में अध्यक्ष पद के लिए 16 अभ्यर्थियों के 17 नामांकन वैध

थिंक राजस्थान • बिलाड़ा

लोकतंत्र के सबसे बड़े उत्सव में जिले की नगर पालिकाओं में मतदाताओं ने जिस उमंग और उत्साह के साथ भागीदारी निभाई, उसने जनप्रतिनिधित्व की खूबसूरत तस्वीर पेश की है। अंगुली पर लगी नीली स्याही की एक लकीर केवल मताधिकार का प्रतीक नहीं बनी, बल्कि शहरों और कस्बों की भावी सरकार चुनने के प्रति नागरिकों की अटूट प्रतिबद्धता का प्रमाण भी बनी। दूसरे एवं अंतिम चरण के मतदान के बाद सभी नगर पालिकाओं में चुनावी तस्वीर स्पष्ट हो चुकी है। दिलचस्प बात यह रही कि इस बार शहरी क्षेत्रों की तुलना में कस्बाई नगर पालिकाओं के मतदाताओं ने मतदान केंद्रों पर अधिक जोश दिखाया और बंपर मतदान कर लोकतंत्र के इस पर्व को यादगार बना दिया।



पार्षदों के चुनाव संपन्न होने के बाद अब सभापति एवं नगर पालिका अध्यक्ष के चुनाव की बारी है। दोनों प्रमुख दलों की ओर से अध्यक्ष पद के लिए नामांकन पत्र दाखिल किए जा चुके हैं। इसी बीच अपनी-अपनी पार्टी से नाराज बागी पार्षदों ने निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में अध्यक्ष पद के लिए नामांकन दाखिल कर राजनीतिक समीकरणों को रोचक बना दिया है। कई स्थानों पर निर्दलीय उम्मीदवारों की मौजूदगी ने भाजपा और कांग्रेस दोनों के लिए नई चुनौती खड़ी कर दी है।

### बिलाड़ा में तुलछाराम को मनाने की कवायद

बिलाड़ा नगर पालिका में शुक्रवार को कांग्रेस की ओर से अध्यक्ष पद के लिए नामांकन दाखिल करने वाले अभ्यर्थी द्वारा नाम वापस लेकर भाजपा के बागी निर्दलीय उम्मीदवार को मैदान में बनाए रखने की चर्चाएं राजनीतिक गलियारों में जोर पकड़ रही हैं। गुरुवार को पूरे दिन निर्दलीय तुलछाराम को मनाने की कवायद चलती रही। तुलछाराम का कहना है कि भाजपा ने पहले उनकी अध्यक्ष पद की दावेदारी स्वीकार नहीं की। उनका यह भी कहना है कि भाजपा के पदाधिकारी उनकी जीत को लेकर आश्वस्त थे और जब उन्होंने निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में नामांकन दाखिल किया, तब भाजपा का कोई बड़ा नेता उन्हें ऐसा करने से रोकने के लिए उनके पास नहीं आया। उनका कहना है कि निर्दलीय चुनाव जीतने के बाद भी भाजपा ने अपने बहुमत के भरोसे उन्हें नजरअंदाज कर दिया। अब जब उन्होंने अध्यक्ष पद के लिए निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में नामांकन दाखिल किया और कांग्रेस के पार्षद उनके प्रस्तावक बने, तो भाजपा नेताओं की सक्रियता बढ़ गई है। अब निगाहें 18 सितंबर को होने वाली नाम वापसी पर टिकी हैं। देखना होगा कि कांग्रेस की रणनीति आगे क्या रूप लेती है और भाजपा तुलछाराम को नामांकन वापस लेने के लिए मनाने में सफल होती है या नहीं।

### सभी नामांकन पत्र सही पाए गए

जिले की छह नगर पालिकाओं में अध्यक्ष पद के लिए 16 अभ्यर्थियों द्वारा कुल 17 नामांकन पत्र दाखिल किए गए हैं। नामांकन पत्रों की संवीक्षा के बाद सभी 17 नामांकन पत्र वैध पाए गए। किसी भी अभ्यर्थी का नामांकन निरस्त नहीं हुआ। पीपाड़ शहर नगर पालिका, जिसमें 35 वार्ड हैं, में अध्यक्ष पद के लिए दो अभ्यर्थियों ने दो नामांकन पत्र दाखिल किए हैं। 40 वार्ड वाली बिलाड़ा नगर पालिका में तीन अभ्यर्थियों ने तीन नामांकन पत्र प्रस्तुत किए हैं। 25 वार्ड वाली भोपालगढ़ नगर पालिका में पांच अभ्यर्थियों ने छह नामांकन पत्र दाखिल किए हैं। इसी प्रकार 25-25 वार्ड वाली बालेसर-सत्ता, तिंवरी एवं मथानिया नगर पालिकाओं में अध्यक्ष पद के लिए प्रत्येक निकाय में दो-दो अभ्यर्थियों ने दो-दो नामांकन पत्र प्रस्तुत किए हैं।संवीक्षा प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद जिले की सभी छह नगर पालिकाओं में अध्यक्ष पद के लिए कुल 16 अभ्यर्थियों की स्थिति निर्धारित हुई है। निर्वाचन कार्यक्रम के अनुसार 18 सितंबर को अपराह्न 3 बजे तक नाम वापस लिए जा सकेंगे। इसके बाद मैदान में रहने वाले अभ्यर्थियों को चुनाव चिह्न आवंटित किए जाएंगे।

# उप जिला चिकित्सालय जैतारण में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर में 59 यूनिट रक्त संग्रहित

थिंक राजस्थान • जैतारण

विकसित भारत जन सेवा अभियान के तहत चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, जैतारण द्वारा सहायक संस्थाओं मानव सेवा संस्थान जैतारण, AGF फाउंडेशन, जूना बाबा लायंस क्लब तथा एक पहल फाउंडेशन के सहयोग से राजकीय उप जिला चिकित्सालय, जैतारण में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में कुल 59 यूनिट रक्त संग्रहित किया गया।

इस अवसर पर अविनाश गहलोत, मंत्री सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग, राजस्थान सरकार ने भी शिविर में सहभागिता कर रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन किया एवं उनकी पूरी टीम ने भी इस सेवा कार्य में भाग लिया। रक्तदान महादान कार्यक्रम की अध्यक्षता मनोज कुमार मीणा, उपखंड अधिकारी एवं मजिस्ट्रेट जैतारण,एवं डॉ. प्रदीप कुमार मुलेवा द्वारा की गई। जिसमें प्रमुख चिकित्सा अधिकारी, डॉ. पुरुषोत्तम व्यास, ब्लॉक चिकित्सा अधिकारी, विकास अधिकारी, कमलेश चौधरी, डॉ. देवेंद्र कुमार सोलंकी, श्री मनान, जितेंद्र जोशी, प्रकाश सोलंकी (मानव सेवा संस्थान), AGF फाउंडेशन, जूना बाबा लायंस क्लब की टीम एवं चिकित्सालय स्टाफ* उपस्थित रहे। इस मौके पर रक्तदान महादान पर रक्तदान करने वालो रक्तवीरो का बहुमान कर रक्तवीरो प्रणाम पत्र द्वारा सम्मानित किया गया। प्रमुख चिकित्सा अधिकारी डॉ. मुलेवा ने बताया कि रक्तदान महादान है और इस प्रकार के शिविर जनसेवा का सच्चा उदाहरण हैं। अंत में चिकित्सा विभाग एवं सहयोगी संस्थाओं ने सभी रक्तवीरों का आभार व्यक्त किया।




# हाईकोर्ट भवन निर्माण मामले में 8 आरोपियों को अंतरिम जमानत

### सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद मिली राहत, 1 लाख के बॉन्ड पर रिहा होंगे

थिंक राजस्थान • जोधपुर

जोधपुर हाईकोर्ट भवन में निर्माण से जुड़ी खामियों के मामले में आठ आरोपियों को अंतरिम जमानत मिल गई है। हाईकोर्ट की खंडपीठ ने सुनवाई के बाद यह आदेश दिया। मुख्य न्यायाधीश संजय के. अग्रवाल और जस्टिस विनीत कुमार माथुर की खंडपीठ ने जमानत अर्जियों पर सुनवाई की।

यह मामला हाईकोर्ट प्रशासन की तरफ से 12 नवंबर 2024 को कुड़ी भगतासनी थाने में दर्ज एफआईआर नंबर 0411/2024 से जुड़ा है। एफआईआर में आईपीसी की धारा 420 और 488 के तहत केस दर्ज हुआ था। बाद में इसमें धारा 409, 336, 120बी और 166ए भी जोड़ी गईं। यह केस हाईकोर्ट भवन के निर्माण में सामने आई संरचनात्मक विफलताओं से संबंधित है।

**सुप्रीम कोर्ट के आदेश का हवाला दिया था:** सुनवाई के दौरान आरोपियों के वकीलों ने सुप्रीम कोर्ट के 15 सितंबर 2026 के एक आदेश का हवाला दिया। उन्होंने बताया कि इसी मामले में वरिंदर कुमार गर्ग को सुप्रीम कोर्ट से अंतरिम राहत मिली थी। इसी आधार पर इन आरोपियों को भी ऐसी ही राहत देने की मांग की गई। राज्य सरकार की तरफ से महाधिवक्ता राजेंद्र प्रसाद और अन्य वकीलों ने अपना पक्ष रखा। राज्य ने बताया कि एक आवेदक के मामले में जवाब दाखिल कर दिया गया है। बाकी मामलों में जवाब और केस डायरी पेश करने के लिए समय मांगा गया। कोर्ट ने राज्य को जवाब दाखिल करने का समय दिया। खंडपीठ ने सुप्रीम कोर्ट के आदेश को देखते हुए आठ आरोपियों को अंतरिम राहत दी। इनमें राजेश चंद्र पुरोहित, शिव हरे महौर, अजित कुमार सांघी, रामेश्वर दयाल खंडेलवाल, गोपाल लाल खंडेलवाल, अजय किशन मूथा, नवीन चंद्र के. राय और दीपक कुमार मित्तल शामिल हैं।

## जिला निर्वाचन अधिकारी चिन्मयी गोपाल ने अधिकारियों को दिए निर्देश

# बाड़मेर जिला निर्वाचन अधिकारी ने निकाय चुनाव से संबंधित ईवीएम को वेयर हाउस में रखवाया सुरक्षित

थिंक राजस्थान • बाड़मेर

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं जिला कलक्टर चिन्मयी गोपाल ने बाड़मेर जिला मुख्यालय स्थित वेयर हाउस का निरीक्षण किया। उन्होंने इस दौरान नगर निकाय से संबंधित ईवीएम को वेयर हाउस में सुरक्षित रखवाने की प्रक्रिया का जायजा लिया। जिला निर्वाचन अधिकारी चिन्मयी गोपाल ने निरीक्षण के दौरान वेयर हाउस में रखी चुनाव सामग्री, ईवीएम मशीनों, वीवीपैट इकाइयों तथा अन्य आवश्यक उपकरणों की सुरक्षा व्यवस्था, स्टोरेज की स्थिति और रख-रखाव का बारीकी से जायजा लिया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से वेयर हाउस की सुरक्षा व्यवस्था, सीसीटीवी कैमरों की कार्यप्रणाली, लॉग बुक संधारण, सीलिंग प्रक्रिया और नियमित मॉनिटरिंग की जानकारी ली। जिला निर्वाचन अधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि वेयर हाउस में सभी सुरक्षा मानकों का सख्ती से पालन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि चुनाव संबंधी सामग्री की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है और किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

जिला कलक्टर ने अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए कि सभी व्यवस्थाएं पूर्णतः पारदर्शी और सुरक्षित रखी जाएं। ताकि भविष्य में किसी भी प्रकार की शिकायत या कमी का अवसर नहीं रहे। निरीक्षण के दौरान वेयर हाउस परिसर की स्वच्छता, अग्नि सुरक्षा व्यवस्था और आपातकालीन तैयारियों की जांच की गई।इस दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी एवं अतिरिक्त जिला कलक्टर रवीन्द्र कुमार,यूआईटी सचिव विवेक व्यास, अधिवक्ता कुमार कौशल अम्बा लाल जोशी सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे। निरीक्षण के बाद चिन्मयी गोपाल ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वेयर हाउस की नियमित जांच और रिपोर्टिंग सुनिश्चित की जाए तथा किसी भी कमी का तत्काल निवारण किया जाए।



# चुनाव में ड्यूटी निभाने वाले कार्मिकों का जताया आभार

थिंक राजस्थान • जोधपुर

नगर निकाय आम चुनाव-2026 को निष्पक्ष, शांतिपूर्ण एवं सफलतापूर्वक संपन्न कराने में योगदान देने वाले सभी चुनाव कार्मिकों एवं जिला निर्वाचन टीम का जिला निर्वाचन अधिकारी एवं जिला कलक्टर श्री आलोक रंजन ने एसएमएस के माध्यम से आभार व्यक्त किया। जिला कलक्टर की ओर से PRO, PO-1, PO-2, PO-3 सहित सभी मतदान दलों, चुनाव कार्य में तैनात अधिकारियों-कर्मचारियों एवं जिला निर्वाचन टीम को सीधे मोबाइल संदेश भेजकर उनके समर्पण एवं सराहनीय कार्य के लिए धन्यवाद दिया गया। संदेश में चुनाव प्रक्रिया को सफलतापूर्वक संपन्न कराने में सभी के योगदान की सराहना की गई तथा भविष्य में भी इसी समर्पण के साथ कार्य करने के लिए शुभकामनाएं दी गईं।

चुनाव प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद तकनीक का उपयोग करते हुए कार्मिकों तक सीधे एसएमएस के माध्यम से धन्यवाद संदेश पहुंचाया गया। इस पहल के माध्यम से मतदान से लेकर निर्वाचन संबंधी विभिन्न दायित्वों का निर्वहन करने वाले कार्मिकों के योगदान को सम्मानित करते हुए उनका मनोबल बढ़ाने का प्रयास किया गया।

### जोधपुर-इंदौर ट्रेन: 16 से 18 ट्रिप बदले रूट से चलेगी

**जोधपुर।** उत्तर पश्चिम रेलवे के अजमेर-चंदेरिया रेललाइन पर पैच दोहरीकरण के कार्य के चलते जोधपुर-इंदौर-जोधपुर एक्सप्रेस का संचालन सितंबर और अक्टूबर में प्रभावित रहेगा। सितंबर में ट्रेन निर्धारित मार्ग के बजाय अजमेर-जयपुर-सवाई माधोपुर होकर संचालित होगी,जबकि अक्टूबर में दोनों दिशाओं की कुल 11 ट्रिप रद्द रहेंगी।

# आज 28 जिलों में बारिश की चेतावनी: जयपुर-अजमेर में 4 इंच बारिश




**थिंक राजस्थान • जयपुर**

राजस्थान में शुक्रवार को 28 जिलों में तेज बारिश का यलो अलर्ट है। गुरुवार को अजमेर, जयपुर सहित कई जिलों में 4 इंच तक बारिश हुई। मौसम बदलने से दिन का तापमान 7 डिग्री तक गिर गया। हालांकि, इस मानसून सीजन में अब तक 25 फीसदी कम बारिश हुई। पश्चिमी राजस्थान में सूखे जैसे हालात हैं। यहां अब भी तापमान 38 से 40 डिग्री के करीब रिकॉर्ड हो रहा है। मौसम विभाग ने 19 सितंबर से प्रदेश में बारिश का दौर हल्का पड़ने और मानसून की विदाई शुरू होने की संभावना जताई है। चित्तौड़गढ़ जिले के रावतभाटा में गुरुवार देर रात करीब डेढ़ बजे बारिश शुरू हुई, जो शुक्रवार सुबह तक जारी रही। बारिश के बाद ब्राह्मणी नदी पर स्थित डब्को झरना तेज बहाव के साथ बहने लगा। फिलहाल क्षेत्र में हल्की बूंदाबांदी हो रही है। इस




दौरान राणा प्रताप सागर बांध के कैचमेंट क्षेत्र में 9.20 एमएम बारिश दर्ज की गई। जयपुर, भरतपुर, अजमेर और बीकानेर संभाग के अलावा कोटा, जोधपुर, उदयपुर संभाग के कुछ इलाकों में गुरुवार को अच्छी बरसात हुई। सवाई माधोपुर, करौली, नागौर, अजमेर, जयपुर में 4 इंच तक बारिश दर्ज हुई। साथ ही भीलवाड़ा, बूंदी, टोंक, झुंझुनूं, बीकानेर में 2 इंच तक पानी बरसा।

▪ **7 डिग्री तक गिरा पारा:** राजस्थान के अधिकांश शहरों के तापमान में गुरुवार को तेज बारिश के साथ चली हवा के कारण तापमान में गिरावट हुई। पिलानी, श्रीगंगानगर, चूरू, बीकानेर, नागौर, फतेहपुर, झुंझुनूं, अजमेर में अधिकतम तापमान 2 से 7 डिग्री तक गिर गया।

▪ **जयपुर:** राजधानी जयपुर में गुरुवार शाम 4 बजे बाद तेज बारिश हुई। जयपुर शहर के लगभग सभी इलाकों में तेज बारिश से सड़कों पर आधा फीट तक पानी भर गया। जयपुर एयरपोर्ट पर एक घंटे के दौरान 38 MM पानी बरसा। वहीं जेएलएन मार्ग पर 55 MM बरसात दर्ज की गई। जयपुर शहर के अलावा ग्रामीण एरिया जालसू, चौमूं में 1-1 इंच पानी बरसा।

▪ **जोधपुर:** गुरुवार सुबह से ही बादल छाए रहे। शाम के शहर के कई इलाकों में बूंदाबांदी हुई। अधिकतम तापमान 34.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से 0.5 डिग्री कम रहा। वहीं न्यूनतम तापमान 27.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ, जो सामान्य से 2.8 डिग्री अधिक है। मौसम विभाग ने शुक्रवार को भी हल्की बारिश की संभावना जताई है।

# निकाय चुनाव: री-पोलिंग में कांग्रेस 6 सीटें जीती: भाजपा की तीन में जीत

## जयपुर नगर निगम के चार वार्डों में पुर्नमतदान में BJP सभी चार सीटें हारीं



**थिंक राजस्थान • जयपुर**

जयपुर, जोधपुर और कोटा नगर निगम के साथ सुकेत (कोटा) नगर पालिका के 9 वार्ड का रिजल्ट आज घोषित हो गया है। इन वार्ड के 10 बूथ की ईवीएम में खराबी के बाद बुधवार को री-पोलिंग हुई थी। आए रिजल्ट में नगर निगम के 5 वार्ड में कांग्रेस और तीन वार्ड में भाजपा कैंडिडेट जीते हैं। सुकेत नगर पालिका के वार्ड में कांग्रेस ने जीत दर्ज की है। री-पोलिंग के कारण जयपुर, जोधपुर और कोटा नगर निगम में मेयर-डिप्टी मेयर के चुनाव भी कैंसिल कर दिए गए थे। पहले ये चुनाव और 21 और 22 सितंबर को शेड्यूल थे। कोटा की सुकेत नगर पालिका के वार्ड नंबर-4 के भी एक बूथ पर बुधवार को री-पोलिंग हुई थी। आज आए परिणाम में इस वार्ड से कांग्रेस मोहम्मद रफीक ने जीत दर्ज की है। उन्होंने भाजपा के सत्यराम को 117 वोटों से हराया है।

री-पोलिंग के कारण आयोग ने 14 सितंबर को इन तीनों नगर निगम में मेयर-डिप्टी मेयर के चुनाव स्थगित कर दिए थे। री-पोलिंग के रिजल्ट के बाद इन यहां मेयर-डिप्टी मेयर के चुनाव का शेड्यूल जल्द ही घोषित हो सकता है। जयपुर और कोटा नगर निगम में भाजपा के पास बहुमत है। वहीं, जोधपुर में री-पोलिंग के रिजल्ट के बाद भाजपा सबसे बड़ी पार्टी बन गई है।

### भाजपा के पास सबसे ज्यादा 406 सीटें, कांग्रेस के पास 312

राजस्थान की 10 नगर निगम की 856 पार्षद सीट के लिए 9 और 11 सितंबर को वोटिंग हुई थी। इनमें से 848 सीटों के नतीजे 14 सितंबर को घोषित किए थे। जबकि 8 वार्ड के नतीजे री-पोलिंग के कारण गुरुवार को घोषित किए गए। कुल 856 सीटों में से भाजपा के पास 406 और कांग्रेस के पास 312 सीटें हैं। जबकि 138 सीटों पर निर्दलीय व अन्य पार्टियों ने जीत दर्ज की थी।

## शैक्षणिक उत्कृष्टता के लिए 226 विद्यार्थी सम्मानित

# एम्स का स्थापना दिवस समारोह: 221 स्टूडेंट सम्मानित, मुख्य सचिव ने AI और उन्नत तकनीकों पर दिया जोर

**थिंक राजस्थान • जोधपुर**

अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) जोधपुर ने गुरुवार को 15वां स्थापना दिवस मनाया। इस अवसर पर संस्थान की स्वास्थ्य सेवाओं, चिकित्सा शिक्षा, अनुसंधान, नवाचार और जनस्वास्थ्य के क्षेत्र में हुई प्रगति और उपलब्धियों की जानकारी दी गई। इसके साथ ही स्टूडेंट्स और कर्मचारियों को सम्मानित भी किया गया। मुख्य सचिव वी.श्रीनिवास ने एम्स जोधपुर की 15 वर्ष की यात्रा को अमृत काल और भारत के विकास के व्यापक संदर्भ से जोड़ते हुए कहा कि संस्थानों को प्रभावी, उत्तरदायी और जवाबदेह बनाने के लिए "अधिकतम सुशासन, न्यूनतम सरकार" की भावना के अनुरूप कार्य करना आवश्यक है। उन्होंने सुलभ एवं गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं, स्वास्थ्य संवर्धन, अनुसंधान, नवाचार और मजबूत स्वास्थ्य ढांचे के महत्व को रेखांकित किया।

उन्होंने संस्थान निर्माण पर मजबूत संस्थागत व्यवस्था, पेशेवर नेतृत्व, स्वायत्तता, जवाबदेही और प्रभावी निर्णय लेने की आवश्यकता पर जोर दिया, ताकि संस्थान आने वाली पीढ़ियों तक मजबूती से कार्य कर सकें। उन्होंने डिजिटल एम्स को प्रशासनिक दक्षता, स्वास्थ्य सेवाओं और मरीजों के अनुभव को बेहतर बनाने में महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने वैश्विक अनुसंधान, अंतरराष्ट्रीय सहयोग, ट्रांसलेशनल रिसर्च, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और



उन्नत तकनीकों पर अधिक ध्यान देने का आह्वान किया। उन्होंने मजबूत रिसर्च नेटवर्क, क्लिनिकल कोहोर्ट, नवाचार प्लेटफॉर्म और अंतरराष्ट्रीय अकादमिक आदान-प्रदान के माध्यम से एम्स को वैश्विक चिकित्सा अनुसंधान और शिक्षा संस्थान के रूप में विकसित करने की आवश्यकता बताई।

### तकनीक के साथ मानवीय संवेदना पर दिया जोर

विशिष्ट अतिथि मारवाड़ मेडिकल यूनिवर्सिटी के चांसलर डॉ. एम.के. असेरी ने एम्स जोधपुर को 15 वर्ष पूरे होने पर बधाई देते हुए कहा कि यह अवसर उपलब्धियों पर गर्व करने के साथ-साथ भविष्य के लिए और अधिक महत्वाकांक्षी लक्ष्य निर्धारित करने का भी है। उन्होंने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, रोबोटिक्स, प्रिसीजन मेडिसिन, जीनोमिक्स और डिजिटल हेल्थकेयर जैसी तकनीकों के बढ़ते प्रभाव का उल्लेख करते हुए कहा कि चिकित्सा के भविष्य में तकनीकी प्रगति के साथ मानवीय संवेदना का समन्वय आवश्यक है। डॉ. असेरी ने भारत की स्वास्थ्य प्राथमिकताओं से जुड़े अनुसंधान, किफायती तकनीक, निवारक चिकित्सा, ग्रामीण एवं सामुदायिक स्वास्थ्य, उभरती बीमारियों और मरीज-केंद्रित सेवाओं पर ध्यान देने की आवश्यकता बताई। एम्स के कार्यकारी निदेशक प्रो. गोवर्धन दत्त पुरी ने अतिथियों का स्वागत करते हुए एम्स जोधपुर परिवार को 15 वर्ष पूरे होने पर बधाई दी। उन्होंने बताया कि 15 फैकल्टी सदस्यों और 50 एमबीबीएस विद्यार्थियों से शुरू हुआ एम्स जोधपुर आज लगभग 45 विभागों, 221 फैकल्टी सदस्यों, 1,500 से अधिक विद्यार्थियों और 3,000 से अधिक कर्मचारियों वाला व्यापक चिकित्सा संस्थान बन चुका है। प्रो. पुरी ने कहा कि किसी भी संस्थान की पहचान और प्रतिष्ठा वर्षों के सतत परिश्रम, समर्पण और प्रतिबद्धता से बनती है। किसी संस्थान का ब्रांड केवल नाम से रातों-रात नहीं बनता, बल्कि इसे वर्षों तक फैकल्टी और रेजिडेंट्स की मेहनत से आकार मिलता है।

स्थापना दिवस समारोह में B.Sc. (Hons.) Nursing और MBBS के 226 विद्यार्थियों को शैक्षणिक उत्कृष्टता के लिए सम्मानित किया गया। इनमें 2021, 2022, 2023 और 2024 बैच के 135 B.Sc. (Hons.) Nursing विद्यार्थी तथा 2021, 2023 और 2025 बैच के 91 MBBS विद्यार्थी शामिल रहे। इसके अलावा विभिन्न विभागों एवं कार्यक्षेत्रों से जुड़े 15 कर्मचारियों को उनके योगदान के लिए सम्मानित किया गया। समारोह में मुख्य सचिव वी.श्रीनिवास मुख्य अतिथि तथा मारवाड़ मेडिकल यूनिवर्सिटी, जोधपुर के कुलपति डॉ. एम.के. असेरी विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में एम्स जोधपुर के कार्यकारी निदेशक प्रो. गोवर्धन दत्त पुरी, डीन एकेडमिक्स प्रो. पंकजा रवि राघव, डीन रिसर्च प्रो. प्रदीप भाटिया, डीन एग्जामिनेशन प्रो. स्नेहा आर. अंबवानी, प्रिंसिपल स्कूल ऑफ नर्सिंग प्रो. सुरेश के. शर्मा, आईआईटी जोधपुर के निदेशक प्रो. अविनाश अग्रवाल, संभागीय आयुक्त कन्हैया लाल, जिला कलेक्टर आलोक रंजन, डॉ. एस.एन. मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल प्रो. बी.एस. जोधा, उप निदेशक एम्स जोधपुर रश्मि ताहिल्यानी सहित वरिष्ठ संकाय सदस्य, चिकित्सक, नर्सिंग एवं अन्य कर्मचारी, शोधकर्ता और विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## 41 एयर कंडिशनर के साथ 3 आरोपी पकड़े

**जैसलमेर।** जैसलमेर मेडिकल कॉलेज के लिए आए 60 एसी में से 43 चोरी हो गए थे। ब्लू स्टार कंपनी के इन एसी की कीमत करीब 25 लाख थी। मामले की रिपोर्ट 6 सितंबर को कोतवाली थाने में दर्ज कराई गई। कॉलेज के पास ही किराए के एक मकान से बदमाश पिकअप में एसी ले भागे थे। इस मामले का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर 41 एसी बरामद कर लिए गए हैं। तीनों को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया गया है। पुलिस ने मामले में दूल्हे खान, पूनम सिंह और रमेश कुमार को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से एसी के अलावा पिकअप गाड़ी भी बरामद की गई है। जानकारी के मुताबिक- जयपुर से मई महीने में 60 AC लाए गए थे।

# टेक्नोलॉजी का प्रदर्शन: 'वायु उत्तम' ने सैन्य-नागरिक ड्रोनों को किया ट्रैक

**जैसलमेर।** भारतीय वायुसेना का पहला 'ड्रोनाथन-2026' राजस्थान के जैसलमेर स्थित पोकरण फील्ड फायरिंग रेंज में 14 से 16 सितंबर तक चला। तीन दिन के इस कार्यक्रम में देश के 20 से अधिक स्वदेशी उद्योगपतियों, स्टार्टअप्स, एमएसएमई, DPSUs और शोधकर्ताओं ने हिस्सा लिया। पोकरण की गर्मी, उड़ती रेत और तेज हवाओं के बीच यूएएस, स्वायत्त प्रणालियों, ड्रोन स्वार्म, इलेक्ट्रॉनिक युद्धक उपकरणों और काउंटर-यूएएस सिस्टम का लाइव प्रदर्शन किया गया।

पहले दिन वायुसेना के वाइस चीफ एयर मार्शल आशुतोष दीक्षित ने 'IAF UAS Roadmap' जारी किया, जबकि 'वायु उत्तम' ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम ने सैन्य और नागरिक ड्रोनों को एक साथ ट्रैक किया। भारतीय वायुसेना का पहला 'ड्रोनाथन-2026' जैसलमेर के पोकरण फील्ड फायरिंग रेंज में सफलतापूर्वक पूरा हुआ। तीन दिवसीय कार्यक्रम 14 से 16 सितंबर के बीच चला। इसका मुख्य उद्देश्य देश की रक्षा तकनीक




को मजबूत करना और भविष्य के युद्ध के लिए भारतीय सेना को पूरी तरह तैयार करना था। इसमें देशभर के 20 से अधिक स्वदेशी उद्योगपतियों, रक्षा स्टार्टअप्स, छोटे उद्योगों यानी एमएसएमई, रक्षा सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों यानी DPSUs और शोधकर्ताओं ने हिस्सा लिया। भारत के उभरते रक्षा स्टार्टअप्स, एमएसएमई, स्थापित डिफेंस



मैन्युफैक्चरर्स और अकादमिक शोध संस्थानों के 20 से अधिक प्रमुख दलों ने अपनी टेक्नोलॉजी का प्रदर्शन किया। वायुसेना ने सभी कंपनियों के व्यक्तिगत नाम सार्वजनिक नहीं किए हैं। हालांकि, इसमें चुनिंदा स्वदेशी निर्माताओं को बुलाया गया था, जो मिलिट्री-ग्रेड ड्रोन और एंटी-ड्रोन तकनीक बनाने में विशेषज्ञता रखते हैं।

### रेगिस्तान में ड्रोन और एंटी-ड्रोन सिस्टम का लाइव टेस्ट

रेगिस्तान की कठिन और वास्तविक युद्ध जैसी परिस्थितियों में मानवरहित विमानों यानी यूएएस, स्वायत्त प्रणालियों, ड्रोन स्वार्म यानी झुंड तकनीक, इलेक्ट्रॉनिक युद्धक उपकरणों और दुश्मन के ड्रोन को हवा में ही नष्ट करने वाली काउंटर-यूएएस प्रणालियों का लाइव प्रदर्शन किया गया। ड्रोन को एयरकंडीशन कमरों या प्रयोगशालाओं में जांचने के बजाय पोकरण की चिलचिलाती गर्मी, उड़ती रेत और तेज हवाओं के बीच परखा गया। इसका उद्देश्य यह पता लगाना था कि युद्ध के मैदान में ये सिस्टम कितने टिकाऊ साबित होंगे। ड्रोन स्वार्म तकनीक में कई छोटे ड्रोन आपसी तालमेल और कम्युनिकेशन के जरिए एक साथ काम कर सकते हैं। ऐसे ड्रोन का झुंड दुश्मन के रडार और एयर डिफेंस को चकमा देकर एक साथ ठिकानों पर हमला कर सकता है।

## डोडा-पोस्त से भरी एंबुलेंस एस्कॉर्ट करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**बाड़मेर।** जिले की बायतु थाना पुलिस ने एनडीपीएस मामले में 2 साल से फरार आरोपी ड्राइवर को गिरफ्तार किया है। वांटेड अवैध डोडा-पोस्त से भरी एंबुलेंस को कार से एस्कॉर्ट कर रहा था। पुलिस ने आरोपी को कोर्ट में पेश किया। वहां से उसे 5 दिन के पुलिस रिमांड पर लिया है। उससे आगे की पूछताछ की जा रही है। एसपी चूनाराम जाट ने बताया- टीम ने आरोपी अशोक को गुरुवार शाम को कोर्ट में पेश किया। वहां उसे 5 दिन का पुलिस रिमांड पर लिया गया है। 28 अक्टूबर 2024 को नाकाबंदी तोड़कर भागी एंबुलेंस को पकड़ा था। एंबुलेंस से 33 प्लास्टिक के कट्टों से भरा 6 क्विंटल 80 किलोग्राम अवैध डोडा-पोस्त बरामद हुआ था।

# बागरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में 5 पद स्वीकृत, एक डॉक्टर के भरोसे पूरा अस्पताल

## रोजाना करीब 150 मरीजों की ओपीडी, MLC व मेडिकल सहित अन्य कार्यों का भी जिम्मा; चिकित्सकों की कमी से निजी अस्पतालों और अनधिकृत उपचार करने वालों की चांदी

**थिंक राजस्थान • बागरा**

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बागरा में चिकित्सकों की कमी के चलते चिकित्सा व्यवस्था प्रभावित हो रही है। सीएचसी में चिकित्सकों के कुल 5 पद स्वीकृत हैं, लेकिन वर्तमान में केवल एक चिकित्सक ही कार्यरत हैं। अस्पताल में डॉ. मुख्तार अहमद ही सेवाएं दे रहे हैं। ऐसे में ओपीडी के साथ पुलिस केस की एमएलसी, मेडिकल एवं अन्य आवश्यक चिकित्सकीय कार्यों का जिम्मा भी एक ही चिकित्सक पर है। बागरा सीएचसी में प्रतिदिन करीब 150 मरीज ओपीडी में उपचार के लिए पहुंचते हैं। मरीजों की संख्या अधिक होने और चिकित्सकों की कमी के कारण अस्पताल में लंबी कतारें लग जाती हैं। कई मरीजों को अपनी बारी के लिए घंटों इंतजार करना पड़ता है। इससे दूर-दराज से आने वाले मरीजों के साथ बुजुर्गों और गंभीर मरीजों को भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

### पांच में से चार पद रिक्त

सीएचसी में चिकित्सकों के 5 पद स्वीकृत होने के बावजूद 4 पद रिक्त हैं। वर्तमान में केवल डॉ. मुख्तार अहमद के भरोसे ओपीडी सहित अन्य चिकित्सकीय व्यवस्थाएं संचालित हो रही हैं। एक चिकित्सक पर मरीजों की ओपीडी के साथ एमएलसी, मेडिकल और अन्य आवश्यक कार्यों का अतिरिक्त भार होने से काम का दबाव बढ़ रहा है।




### चिकित्सकों की कमी का फायदा निजी अस्पतालों को?

ग्रामीणों का कहना है कि सरकारी अस्पताल में पर्याप्त चिकित्सक उपलब्ध नहीं होने के कारण कई मरीजों को मजबूरी में निजी अस्पतालों और क्लीनिकों का रुख करना पड़ता है। वहीं, ग्रामीण क्षेत्र में पर्याप्त चिकित्सा सुविधा नहीं होने से बिना उचित चिकित्सकीय योग्यता के उपचार करने वाले लोगों की गतिविधियों को भी बढ़ावा मिलने की आशंका बनी रहती है। लोगों का कहना है कि यदि सीएचसी में स्वीकृत पदों के अनुसार चिकित्सकों की नियुक्ति हो जाए तो मरीजों को समय पर सरकारी स्वास्थ्य सुविधा मिल सकेगी।

### बुजुर्ग व गंभीर मरीज परेशान

लंबे समय तक कतार में इंतजार करना बुजुर्ग और अस्वस्थ मरीजों के लिए विशेष रूप से मुश्किल होता है। मरीजों और उनके परिजनों का कहना है कि अस्पताल में पर्याप्त चिकित्सक उपलब्ध होने से ओपीडी व्यवस्था सुचारु हो सकती है और मरीजों को समय पर उपचार मिल सकेगा।

### डॉक्टर्स की नियुक्ति की मांग

ग्रामीणों ने स्वास्थ्य विभाग से सीएचसी में रिक्त पड़े चार चिकित्सक पदों को भरने तथा पर्याप्त चिकित्सा स्टाफ उपलब्ध कराने की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि पांच स्वीकृत पदों में से केवल एक चिकित्सक के कार्यरत होने से बागरा सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के मरीजों को परेशानी उठानी पड़ रही है।

## ब्रीफ न्यूज

### झुंझुनूं प्रभारी मंत्री बोले- गांव-ढाणी तक पहुंचेगा अभियान: 17 अक्टूबर तक चलेगा



थिंक राजस्थान • झुंझुनूं

**झुंझुनूं**। झुंझुनूं में विकसित भारत जन सेवा अभियान 17 सितंबर से 17 अक्टूबर 2026 तक चलेगा। प्रभारी मंत्री अविनाश गहलोत ने अभियान की गतिविधियों को जिला मुख्यालय तक सीमित नहीं रखने और इन्हें ग्राम पंचायत, पंचायत समिति, उपखंड व नगरीय निकाय स्तर तक पहुंचाने के निर्देश दिए। अभियान में किसान, महिलाएं, युवा, स्टूडेंट्स, स्वयंसेवी संस्थाएं, सामाजिक संगठन और स्थानीय जनप्रतिनिधि शामिल होंगे। शुभारंभ पर शाम 7 बजे 'आशीर्वाद का दीया' गतिविधि के तहत लोग अपने घरों में दीप जलाकर अभियान से जुड़ेंगे। अभियान के शुभारंभ अवसर पर शाम 7 बजे ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग के तत्वावधान में 'आशीर्वाद का दीया' गतिविधि आयोजित की गई। अभियान के शुभारंभ अवसर पर शाम 7 बजे ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग के तत्वावधान में 'आशीर्वाद का दीया' गतिविधि आयोजित की गई। गुरुवार देर शाम अभियान की तैयारियों को लेकर वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग हुई। इसमें प्रभारी मंत्री अविनाश गहलोत ने जिले के भाजपा पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों और कार्यकर्ताओं के साथ विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि विकसित भारत जन सेवा अभियान केवल सरकारी कार्यक्रम तक सीमित नहीं रहना चाहिए, बल्कि इसे जनभागीदारी का व्यापक माध्यम बनाया जाए। अभियान की गतिविधियां जिला मुख्यालय तक सीमित नहीं रहें, बल्कि ग्राम पंचायत, पंचायत समिति, उपखंड और नगरीय निकाय स्तर तक पहुंचें।

### अब्दुल्ला अगवान के नामांकन पर आई आपत्ति खारिज



थिंक राजस्थान • झुंझुनूं

**झुंझुनूं**। नगर परिषद झुंझुनूं के सभापति पद के लिए कांग्रेस प्रत्याशी अब्दुल्ला गुलाम नबी अगवान के नामांकन पर आई आपत्ति खारिज कर दी गई है। आपत्तिकर्ता विपुल कुमार ने प्रत्याशी के भाई के नाम नगर परिषद से जुड़े ठेकों होने का हवाला देते हुए नामांकन निरस्त करने की मांग की थी। एसडीएम रामकरण सिंह ने दोपहर 3 बजकर 10 मिनट पर कांग्रेस प्रत्याशी और भाजपा के प्रतिनिधि को अपने चेंबर में बुलाया और पूरे मामले आपत्ति खारिज करने का फैसला सुनाया। बता दें कि कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि भाजपा सत्ता का दबाव बनाकर चुनावी प्रक्रिया को प्रभावित करने का प्रयास कर रही है। नेताओं ने विधायक राजेंद्र भांबू पर भी प्रशासन पर दबाव बनाने के आरोप लगाए। एक्सपर्ट के अनुसार, नगरपालिका अधिनियम, 2009 की धारा 24(1)(xv) है। इस प्रावधान में नगरपालिका सदस्य के लिए अयोग्यता की स्थिति तब बनती है, जब प्रत्याशी स्वयं या उसके परिवार के सदस्य, साझेदार, नियोक्ता या कर्मचारी के माध्यम से नगरपालिका के आदेश से किए गए किसी काम या आपूर्ति अथवा नगरपालिका के साथ किसी अनुबंध या रोजगार में प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष शेयर या हित रखता हो।

### सभापति के 3 नॉमिनेशन, कांग्रेस ने 2 भरवाए, भाजपा से मनु धनकड़ पहुंचे



थिंक राजस्थान • झुंझुनूं

**झुंझुनूं**। झुंझुनूं नगर परिषद के 60 वार्डों के चुनाव परिणाम आने के बाद अब सभापति पद को लेकर नामांकन हुए। कांग्रेस ने 30 वार्डों में जीत दर्ज की है, जबकि भाजपा के 15 और निर्दलीय 15 पार्षद चुनाव जीतकर परिषद में पहुंचे हैं। बहुमत के लिए 31 पार्षदों का समर्थन जरूरी है। बीजेपी से मनु धनखड़ ने सभापति पद की दावेदारी की है। सभापति पद के लिए कांग्रेस की ओर से अब्दुल्ला अगवान के नाम से पर्चा लिया गया है। धनखड़ ने 1 नॉमिनेशन किया है वहीं आगवान ने एक कांग्रेस के सिंबल पर और एक निर्दलीय पर्चा भरा है। रिटर्निंग अधिकारी रामकरण सिंह ने मनु धनखड़ को शपथ दिलाई।

### घर में घुसकर पिता-पुत्र पर लाठी-डंडों से जानलेवा हमला, 3 आरोपी गिरफ्तार

थिंक राजस्थान • झुंझुनूं

**बयाना**। बयाना सदर थाना पुलिस ने घर में घुसकर पिता-पुत्र पर लाठी-डंडों से मारपीट और जानलेवा हमला करने के मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने जांच के बाद कैर गांव के इन आरोपियों को पकड़ा। पुलिस के अनुसार, 25 जुलाई 2026 को कैर निवासी सिल्ली पुत्र नत्थी कुम्हार ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इसमें आरोप लगाया गया कि गांव के ही अतरसिंह सहित 3-4 लोगों ने मिलकर उसके और उसके पुत्र के साथ लाठी-डंडों से मारपीट की। आरोपियों ने दोनों पर जानलेवा हमला भी किया। रिपोर्ट के आधार पर पुलिस ने बीएनएस की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की थी। जांच के बाद हेड कांस्टेबल सुरेश चंद ने पुलिस टीम के साथ कार्रवाई करते हुए अतरसिंह उर्फ अतरो (50) पुत्र प्यारे जोगी, राजवीर (26) पुत्र जलसिंह और सूरजसिंह (19) पुत्र अतरसिंह जोगी को गिरफ्तार कर लिया। तीनों आरोपी कैर गांव के रहने वाले हैं। मामले में पुलिस की आगे की जांच जारी है।

# सीकर में दोपहर बाद हुई तेज बारिश: कई जगहों पर गाड़ियों के टायर डूबे, घुटनों तक पानी भरा; तापमान में गिरावट दर्ज

## आसपास के इलाकों में बारिश से मौसम सुहाना हुआ, अब तक 10 प्रतिशत कम बारिश हुई, 21 सितंबर को मानसून की विदाई संभव

**सीकर**। सीकर में मानसून की विदाई से पहले गुरुवार दोपहर अच्छी बारिश हुई। दोपहर करीब 2 बजकर 50 मिनट से शाम 6 बजे तक बारिश का दौर चलता रहा। कभी तेज तो कभी धीरे बारिश हुई। बारिश से कई जगहों पर गाड़ियों के टायर डूबे तो कई जगहों पर घुटनों तक पानी भरा। सीकर समेत आसपास के इलाकों में बारिश होने से मौसम सुहाना हो गया। विदाई से पहले मानसून की अच्छी बारिश देखने को मिली। सीकर में पिछले 4 दिन से अधिकतम तापमान 38 डिग्री तक पहुंच गया था। आज बारिश के बाद लोगों को गर्मी और उमस से राहत मिली है। अगले 24 घंटे में भी सीकर समेत आसपास के इलाकों में हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना है। सीकर के तापमान में भी लगातार बदलाव देखने को मिल रहा है। सीकर जिले में फतेहपुर के कृषि अनुसंधान केंद्र के मौसम विज्ञान केंद्र पर आज दिन का अधिकतम तापमान 36.0 डिग्री और सुबह का न्यूनतम तापमान 22.4 डिग्री दर्ज किया गया है। इससे पहले बुधवार को न्यूनतम तापमान 25.4 डिग्री और अधिकतम तापमान 38.0 डिग्री दर्ज किया गया था। सीकर में अगले 2 दिनों बाद मौसम में फिर बदलाव होने की संभावना है।

सीकर जिले के मानूसन की बात करें तो इस बार अब तक औसत से भी 10 प्रतिशत कम बारिश हुई है। ऐसे में जिले में कई जगहों पर फसलें भी काफी प्रभावित हुई हैं। बाजरे की अगेती फसल जरूर ठीक हुई लेकिन सभी पछेती फसलों पर बारिश नहीं होने का प्रभाव देखने को मिल रहा है। इस साल मूंगफली के दाम भी बढ़ने की संभावना है। जयपुर मौसम केंद्र के डायरेक्टर राधेश्याम शर्मा के अनुसार, सीकर समेत पूरे राजस्थान में मानसून की विशेष गतिविधियां देखने को नहीं मिलेंगी। 21 सितंबर को मानसून की विदाई संभव है। हालांकि, लौटते मानसून से राजस्थान के कुछ उत्तरी और दक्षिणी हिस्सों में बारिश के आसार हैं। इस साल प्रदेश के 20 जिलों में औसत या इससे कम बारिश हुई है।



# सीकर में पिपराली रोड पर चला बुलडोजर: नई पुलिया के नीचे दोनों साइड बनेगा सर्विस रोड

थिंक राजस्थान • सीकर

सीकर में आज नगर परिषद और पीडब्ल्यूडी विभाग ने पिपराली रोड पर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की। नए ओवरब्रिज के दोनों तरफ सर्विस लेन के लिए अतिक्रमण हटाया गया। एहतियातन पुलिस जाप्ता भी तैनात रहा। अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई से पहले सभी संबंधित दुकानदारों, मकान मालिकों व संबंधित लोगों को निजी स्तर पर पक्के निर्माण तोड़ने के लिए नोटिस भी दिए गए थे। गुरुवार को ओवरब्रिज के उत्तरी व दक्षिणी हिस्से में एमबीए चाय वाला, श्रीनाथ टिंबर्स, सीएलसी कोचिंग, गणेशम् मॉल



समेत आसपास के अतिक्रमण को जेसीबी से हटाया गया।

नगर परिषद के अधिकारियों ने कहा कि पीडब्ल्यूडी से मिले लैटर में रोड बाउंड्री में आ रहे निर्माण को हटाया गया है। गौरतलब है कि नए ओवरब्रिज पर करीब डेढ़ महीने पहले ट्रायल के तौर पर वाहनों की आवाजाही शुरू कर दी गई थी। अब ओवरब्रिज के दोनों तरफ की टूटी सड़क को सर्विस लेन के रूप में नए सिरे से बनाया जा रहा है। जिसमें दोनों सर्विस लेन के दोनों साइड पानी निकासी के नाले भी बनाए जाएंगे। पीडब्लूडी के आरओ प्रमोद सोनी ने बताया कि पीडब्लूडी की अनुशंषा की अनुपालना की गई है।

### 2 युवती और 1 नाबालिग लापता: परिजनों ने भगा ले जाने का शक जताया

थिंक राजस्थान • सीकर

सीकर जिले में दो युवती और एक नाबालिग लड़की के लापता होने का मामला सामने आया है। दो मामलों में परिवारों के द्वारा युवक पर शक जताया गया है। पुलिस सभी मामलों की जांच कर रही है। 25 साल की युवती के लापता होने के केस में उसके पिता ने पुलिस में रिपोर्ट दी है कि उनकी बेटी वर्तमान में B.ed की पढ़ाई कर रही है। पढ़ाई के सिलसिले में ही वह दूसरे गांव में लाइब्रेरी में जाती थी। 16 सितंबर की सुबह वह रोजाना की तरह घर से 9 बजे लाइब्रेरी जाने के लिए निकली थी। लेकिन शाम तक वापस नहीं लौटी। उसका लाइब्रेरी और अन्य जगहों पर भी पता लगाया गया लेकिन कुछ पता नहीं चल पाया। परिवार ने दूसरे जिले के रहने वाले एक युवक पर शक जताते हुए बताया कि उनकी बेटी को वह युवक लेकर जा सकता है। फिलहाल पुलिस जांच कर रही है।

22 साल की युवती के लापता होने के केस में उसके भाई ने पुलिस में शिकायत देकर बताया कि उनकी बहन 9 सितंबर की रात करीब 8 बजे घर से कहीं पर चली गई। जिसके रिश्तेदारी और अन्य गांव में काफी तलाश की गई, लेकिन कुछ भी पता नहीं चल पाया। अंदेशा है कि उसे एक युवक अपने साथ ले जा सकता है। पुलिस अब युवक के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज करके जांच कर रही है।

16 साल की नाबालिग लड़की के पिता ने पुलिस में शिकायत देकर बताया कि 16 सितंबर को परिवार के सभी लोग खाना खाकर सो गए थे। अगले दिन 17 सितंबर की सुबह उठकर देखा तो 16 साल की नाबालिग बेटी नहीं मिली। जिसकी रिश्तेदारी और गांव में काफी तलाश की लेकिन कुछ पता नहीं चल पाया।

### ट्रैक्टर की टक्कर से युवती सहित चार मजदूर घायल

**चूरू**। सरसा गांव के पास एक कंस्ट्रक्शन साइट पर काम कर रहे मजदूरों को ट्रैक्टर ने टक्कर मार दी। इस हादसे में एक युवती सहित चार मजदूर घायल हो गए। घायलों को गंभीर हालत में चूरू के डीबी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

अमरपुरा फजिलका, पंजाब निवासी बेंत सिंह (21) ने बताया कि वे सरसा गांव के पास कंस्ट्रक्शन साइट पर मजदूरी कर रहे थे। गुरुवार सुबह बेंत सिंह, रेणु (18), सुखदेव (30) और सरसा के राणिया निवासी अजय (20) सहित अन्य मजदूर साइट पर काम कर रहे थे। इसी दौरान एक युवक ने लापरवाही से ट्रैक्टर चलाते हुए मजदूरों को टक्कर मार दी। हादसे में करीब दस मजदूर घायल हो गए, जिनमें बेंत सिंह, रेणु, सुखदेव और अजय की हालत गंभीर हो गई।

# नाबालिग से दुष्कर्म के दोषी को 20 साल की सजा, पीड़िता को 6 लाख मुआवजा

## सबूतों के आधार पर चूरू पोक्सो कोर्ट ने सुनाया फैसला

थिंक राजस्थान • चूरू

चूरू सदर थाना क्षेत्र के एक गांव में 14 साल की नाबालिग से रेप के मामले में पोक्सो कोर्ट ने 22 वर्षीय आरोपी युवक को दोषी करार देते हुए 20 साल की कैद की सजा सुनाई है। मई 2024 के इस मामले में अभियोजन पक्ष ने कोर्ट के सामने 14 गवाहों के बयान और 32 दस्तावेजी सबूत पेश किए। अदालत ने इन्हीं साक्ष्यों के आधार पर आरोपी को दोषी माना। पीड़िता को मुआवजा योजना के तहत 6 लाख रुपए की आर्थिक सहायता भी दी गई है।

मामले में पोक्सो कोर्ट के सरकारी वकील राकेश कुमार सहारण ने बताया कि मई 2024 में नाबालिग के पिता ने महिला थाना में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। रिपोर्ट के अनुसार, रात करीब 12 बजे उनकी 14 वर्षीय बेटी घर से बाहर गई थी। काफी देर तक वापस नहीं लौटने पर परिवार वालों ने उसकी तलाश शुरू की।

परिवार के लोग नाबालिग की तलाश कर रहे थे। करीब डेढ़ घंटे बाद वह घर के पास एक गाड़ी से उतरी। परिजनों ने उसे घबराई हुई हालत में देखा। रिपोर्ट में आरोप लगाया गया कि आरोपी युवक बहाने से उसे गली में बुलाकर जबरन गाड़ी में बैठाकर गांव से बाहर खेतों में ले गया। वहां उसने नाबालिग के साथ रेप किया। आरोपी ने घटना के बारे में किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी भी दी थी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद आरोपी के खिलाफ भारतीय दंड संहिता और पोक्सो एक्ट की धाराओं के तहत कार्रवाई की। सुनवाई के दौरान अभियोजन पक्ष की ओर से 14 गवाहों के बयान और 32 दस्तावेजी सबूत अदालत में पेश किए गए। सरकारी वकील राकेश कुमार सहारण ने बताया कि इन्हीं साक्ष्यों के आधार पर अदालत ने आरोपी को दोषी माना।

पोक्सो कोर्ट ने आरोपी 22 वर्षीय युवक को दोषी करार देते हुए 20 साल की कैद की सजा सुनाई। परिवादी की ओर से एडवोकेट रामकिशन शर्मा और एडवोकेट संदीप सिहाग ने पैरवी की। वहीं, पीड़िता को मुआवजा योजना के तहत 6 लाख रुपए की आर्थिक सहायता दी गई है।

# असम में सड़क-निर्माण का टेंडर दिलवाने के नाम पर 40 लाख ठगे: फर्म पार्टनरों को साइट विजिट करवाया

**सीकर**। असम में सड़क निर्माण टेंडर दिलवाने के नाम पर 40 लाख की ठगी का मामला सामने आया है। फर्म के पार्टनर की मुलाकात आरोपियों से दिल्ली में हुई थी। उन्होंने विश्वास में लेने के लिए पीड़ित को साइट का विजिट भी करवाया। अब पैसे लौटाने से मना कर दिया है। सदर थाना पुलिस ने मामला दर्ज करके जांच शुरू कर दी है।

सीकर के पालवास रोड निवासी विक्रम सिंह ने सदर पुलिस थाने में शिकायत देकर बताया कि उनकी और उनके पार्टनर्स की फर्म है। फर्म असम में रोड कंस्ट्रक्शन का काम करना चाहती थी। असम में NHIDCL के तहत चल रहे कामों की जानकारी लेने के लिए उनकी



मुलाकात दिल्ली में 28 मार्च को नेहरू पैलेस में सुरेंद्र कुमार ठाकुर से हुई। जिसके साथ एक आदमी नबाज्योति कालेता भी था। उन्होंने बताया कि BHARTIA INFRAPROJECTS LIMITED नाम की कंपनी को असम में सड़क निर्माण का टेंडर है। अब वह कंपनी थर्ड पार्टी को काम देना चाहती है। सुरेंद्र और उसके साथी ने गारंटी के रूप में 40 लाख रुपए मांगे। जो सुरेंद्र कुमार के अकाउंट में ट्रांसफर कर दिए गए। उसके बाद एक एग्रीमेंट भी तैयार करवाया। जिस पर सुरेंद्र और उसके साथी ने सिग्नेचर भी किया।

सुरेंद्र और उसके साथी ने असम में साइट का विजिट भी करवाया लेकिन जब विक्रम ने Bhartia infraprojects के साथ एग्रीमेंट करवाने की बात कही तो पहले तो सुरेंद्र टाइम देता रहा और फिर फोन ही स्विच ऑफ कर लिया। बाद में सुरेंद्र को पता चला कि Bhartia infraprojects से सुरेंद्र कुमार ठाकुर और नबाज्योति का कोई लेना देना नहीं है। अब दोनों ने रुपए लौटाने से मना कर दिया।

# तलाक के बाद साथ आए पति-पत्नी, हाईकोर्ट ने रद्द की डिक्री

**जोधपुर**। राजस्थान हाईकोर्ट ने तलाक की एक पुरानी डिक्री को रद्द कर दिया है। कोर्ट ने पति-पत्नी का विवाह बहाल करते हुए उन्हें फिर से साथ रहने की अनुमति दी। अदालत ने कहा कि जब पति-पत्नी खुद अपने मतभेद खत्म कर वैवाहिक जीवन फिर से शुरू करना चाहें, तो कानून के तहत उनके मेल-मिलाप का रास्ता बनाना चाहिए।

न्यायाधीश उमाशंकर व्यास और न्यायाधीश समीर जैन की खंडपीठ ने हनुमानगढ़ निवासी एक महिला की अपील पर यह आदेश सुनाया। इस मामले में हनुमानगढ़ की फैमिली कोर्ट ने 30 नवंबर 2024 को पति अमित की तलाक याचिका मंजूर की थी। इसके बाद 23 अक्टूबर 2015 को हुई उनकी शादी खत्म हो गई थी।

अपील की सुनवाई के दौरान पति-पत्नी दोनों हाईकोर्ट में मौजूद थे। पहले इस मामले को 29 जनवरी 2026 को मध्यस्थता केंद्र भेजा गया था, लेकिन वहां समझौता नहीं हो पाया। बाद में हाईकोर्ट की कार्यवाही के दौरान आपसी बातचीत और कोर्ट के प्रयासों से दोनों के बीच सुलह हो गई। दोनों ने अपनी मर्जी से मतभेद खत्म कर फिर से साथ रहने की इच्छा जताई। खंडपीठ ने दंपती की नाबालिग बेटी के भविष्य को खास माना। कोर्ट ने कहा कि बेटी को माता-पिता दोनों का प्यार, देखभाल और भावनात्मक सुरक्षा मिलनी चाहिए। अदालत ने यह भी कहा कि वैवाहिक विवादों को सिर्फ कानूनी दावों तक सीमित नहीं देखना चाहिए, क्योंकि इनसे परिवार और मानवीय रिश्ते भी जुड़े होते हैं। कोर्ट ने 30 नवंबर 2024 की तलाक डिक्री को रद्द कर दिया।

# अलवर में छात्रा के साथ गाली-गलौज, मारपीट:छात्र पर गला दबाने व पेट में लात मारने का आरोप, एससी-एसटी एक्ट में मुकदमा दर्ज

थिंक राजस्थान • अलवर

अलवर की एक प्राइवेट यूनिवर्सिटी में 3rd ईयर की एक छात्रा के साथ गाली-गलौज, मारपीट, गला पकड़ने और जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। छात्रा ने 2nd ईयर के छात्र पर ये सभी आरोप लगाए हैं। लड़की ने छात्र पर जातिसूचक शब्दों का इस्तेमाल पर गाली देना का भी आरोप लगाया। छात्रा की शिकायत पर पुलिस ने एससी-एसटी और मारपीट का मुकदमा दर्ज किया है और जांच शुरू कर दी है। छात्रा ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 16 सितंबर यानि मंगलवार को सुबह करीब 11:30 बजे वह यूनिवर्सिटी में थी। इसी दौरान सेकंड ईयर के छात्र ने उसके साथ अभद्र भाषा का इस्तेमाल करते हुए गाली-गलौज की। विरोध करने पर उसके साथ मारपीट और जान से मारने की धमकी दी गई। रिपोर्ट में बताया कि आरोपी छात्र ने उसके साथ गला पकड़ कर पेट में लात मारने का भी आरोप लगाया है। छात्रा ने बताया कि घटना के दौरान उसके विभाग के एचओडी ने बीच-बचाव किया और उसे बचाया। छात्रा ने पुलिस से यूनिवर्सिटी में लगे सीसीटीवी फुटेज चेक करने की मांग की है।

छात्रा ने बताया कि आरोपी ने पहली बार ऐसा नहीं किया इससे पहले भी यूनिवर्सिटी की ओर से कश्मीर में आयोजित ऑल इंडिया वुशू टूर्नामेंट के दौरान भी आरोपी ने उसके साथ बदसलूकी की थी। छात्रा का आरोप है कि होटल में आरोपी ने शराब पी रखी थी और उसके साथ धक्का-मुक्की की। इसके बाद उसके कमरे में आने की कोशिश की और रातभर गाली-गलौज करते हुए कमरे का गेट बजाता रहा। छात्रा के अनुसार उस समय उसकी एक सीनियर भी उसके साथ मौजूद थी। छात्रा ने आरोप लगाया कि आरोपी ने उसकी सीनियर के साथ भी इसी तरह का व्यवहार किया।

### यूनिवर्सिटी में मामला समझाने का भी आरोप

छात्रा ने पुलिस को दी रिपोर्ट में बताया कि कश्मीर की घटना के समय यूनिवर्सिटी के अधिकारी भी वहां मौजूद थे। छात्रा के अनुसार उस समय उसे भरोसा दिया गया था कि अलवर लौटने के बाद मामले में कार्रवाई की जाएगी। छात्रा का आरोप है कि यूनिवर्सिटी वापस आने के बाद भी मामले को शांत कराने की कोशिश की गई और आरोपी का सर्टिफिकेट रोकने की बात कहकर उसे समझाने की बात कही गई।

### अलवर कलेक्टर डॉ. शुक्ला ने किया रक्तदान


**अलवर**। विकसित भारत जन सेवा अभियान के तहत अलवर कलेक्टर डॉ अर्तिका शुक्ला ने गुरुवार को जिला अस्पताल स्थित ब्लड बैंक में रक्तदान किया। कॉलेज लाइफ के बाद करीब 10 साल में यह उनका दूसरा रक्तदान था। जांच के दौरान कलेक्टर का हीमोग्लोबिन 12.5 दर्ज किया गया। कलेक्टर के साथ ही प्रशासनिक अधिकारियों ने भी इस पहल में हिस्सा लिया। जिला परिषद के सीइओ यक्ष चौधरी और ओएसडी इलेक्शन अदिति वैष्णव ने भी ब्लड बैंक में रक्तदान किया। कलेक्टर अर्तिका शुक्ला ने बताया कि पूरे सितंबर/महीने जिले में विशेष रक्तदान शिविर लगेंगे।



# महाकाव्य श्री रामायण कथा का ट्रेलर रिलीज

**नई दिल्ली।** एक तरफ जहां रणबीर कपूर स्टारर 'रामायणम' को लेकर धूम मची हुई है, वहीं दूसरी तरफ एक और रामायण यानी 'महाकाव्य श्री रामायण कथा' रिलीज की तैयारी में जुटी है। 'महाकाव्य श्री रामायण कथा' का ट्रेलर रिलीज हो चुका है। ये फिल्म रणबीर की 'रामायण' से पहले रिलीज हो रही है। इस फिल्म में अंजलि अरोड़ा देवी सीता के रूप में नजर आ रही हैं और देव शर्मा भगवान राम के रूप में दिख रहे हैं। वहीं, फिल्म में रजनीश दुग्गल रावण का रोल निभाते दिख रहे हैं। बता दें कि 'महाकाव्य श्री रामायण कथा' का निर्देशन अभिषेक सिंह ने किया है। वहीं, इसे प्रकाश महोबिया और संजय बुंदेला ने प्रड्यूस किया है।

लाइफ Style



# अंजलि

## हर किसी को पसंद या नापसंद करने का अधिकार

कुछ समय पहले रामायण पर ही आधारित एक फिल्म का ट्रेलर आया था, जिसकी काफी ज्यादा आलोचना हुई थी। इसका नाम था महाकाव्या श्री रामायण कथा। इसमें देव शर्मा, अंजलि अरोड़ा और रजनीश दुग्गल नजर आने वाले हैं।

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली


अंजलि अरोड़ा का काफी मजाक बना जो इसमें सीता का रोल निभा रही हैं। लोग अंजलि को कच्चा बादाम गर्ल के तौर पर जानते हैं, जिनकी डांस रील काफी ज्यादा वायरल हुई थी। अब चूंकि अंजलि माता सीता का रोल निभा रही हैं तो फैंस को ये थोड़ा अजीब लगा। 17 तारीख को इसका ट्रेलर लॉन्च हुआ तो अंजलि ने इस मामले में अपनी चुप्पी तोड़ी। जब उनसे पूछा गया कि क्या उन्हें ट्रोलिंग से बुरा लगा, तो अभिनेत्री ने कहा 'नहीं, मुझे बुरा नहीं लगा, क्योंकि हम पब्लिक फिगर हैं और जनता हमें जज कर सकती है। यह उनकी मर्जी है कि वो हमें पॉजिटिव रिव्यू देती है या नेगेटिव रिव्यू देती है। हर किसी को इसे पसंद करने या नापसंद करने का अधिकार है। हम अभिनेता हैं, हमें जो भी किरदार दिया जाता है, हम उसे अपना 100 प्रतिशत देते हैं। उन्होंने आगे कहा, 'एक बार जब यह जनता के सामने आ जाता है, तो यह उनका फैसला है कि वे इसे कैसे देखते हैं। मैंने सीता मां का किरदार निभाया है और अब, ट्रेलर देखने के बाद, क्या आपको लगता है कि वह वही अंजलि हैं जिन्हें हम सोशल मीडिया पर देखते हैं? मेरा एकमात्र उद्देश्य यह है कि जब दर्शक फिल्म देखें, तो वे मेरी पर्सनल लाइफ और पर्सनालिटी को एक तरफ रख दें।'

## हॉलीवुड मसाला



# स्पाइडर मैन ने बनाया रिकॉर्ड...

**लॉस एंजिल्स।** स्पाइडर मैन ब्रांड न्यू डे फिल्म ने नॉर्थ अमेरिका में एक बड़ा रिकॉर्ड अपने नाम दर्ज कर लिया है। ये फिल्म नॉर्थ अमेरिका के इतिहास में अब तक की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म बन गई है। रिपोर्ट्स के मुताबिक नॉर्थ अमेरिका में इस फिल्म का अनुमानित कलेक्शन 8991 करोड़ रुपये का हो चुका है। अब तक के इतिहास में कोई भी फिल्म नॉर्थ अमेरिका में इतनी कमाई नहीं कर सकी. वहीं फिल्म ने स्टार वॉर्स द फोर्स अवेकन्स का रिकॉर्ड भी तोड़ दिया है।




# पेरिस लूट मामले में अमेरिकी स्टार की जीत

**लॉस एंजिल्स।** साल 2016 में पेरिस के एक होटल में किम कार्दशियन के साथ लूटपाट की घटना घटी थी। इस मामले में पेरिस की एक अदालत ने अभिनेत्री को एक यूरो (1.15 अमेरिकी डॉलर) का मुआवजा दिया है। पेरिस की एक अदालत ने किम कार्दशियन को 1 यूरो (1.15 अमेरिकी डॉलर) का मुआवजा देने का फैसला सुनाया। यह वही रकम है, जिसकी मांग उन्होंने 2016 में फ्रांस की राजधानी में हुई हथियारबंद लूट का शिकार होने के बाद की थी। इस मामले से जुड़े एक वकील ने यह जानकारी दी है। बता दें कि भारतीय धनराशि में यह रकम करीब 110.71 रुपए है। अदालत ने पेरिस लूट मामले में किम को यह हर्जाना प्रतीकात्मक रूप में दिया है। किम कार्दशियन ने अदालत से सिर्फ एक यूरो की ही मांग की थी।



# गायिका सुब्बुलक्ष्मी पर फिल्म का ऐलान

**मुंबई।** बुधवार को बेंगलुरु में महान कर्नाटक शास्त्रीय गायिका एमएस सुब्बुलक्ष्मी की 110वीं जयंती के मौके पर कार्यक्रम का आयोजन हुआ। यहां कमल हासन ने गायिका की बायोपिक का आधिकारिक ऐलान किया, जिसमें रश्मिका मंदाना लीड भूमिका अदा करेंगी। एमएस अम्मा की बायोपिक का टाइटल 'एमएस - ए लेगेसी ऑन स्क्रीन' है। इसमें रश्मिका मंदाना सुब्बुलक्ष्मी का किरदार निभाने वाली हैं। सुपरस्टार कमल हासन ने इस फिल्म को लॉन्च किया। इवेंट में दिग्गज अभिनेता ने महान गायिका के किरदार को निभाने के दबाव की तुलना माइकल जैक्सन का किरदार निभाने से की। कमल हासन का कहना है कि इस रोल को निभाने में वैसा ही दबाव महसूस होता है, जैसा माइकल जैक्सन जैसे ग्लोबल आइकॉन का किरदार निभाते समय किसी एक्टर को होता।



# म्यूजिक का शाहरुख हूं गुस्सा सलमान वाला

**मुंबई।** सिंगर-कंपोजर अमाल मलिक का गुस्सा किसी से छिपा नहीं है। वे कई मौकों पर ट्रोल्स के घेरे में रहे हैं, लेकिन उन्हें करारा जवाब भी देते रहे हैं। इस बार मामला 'मैं हूं हीरो तेरा' गाने से जुड़ा है। सलमान खान फिल्म्स ने इस गाने के 10 साल पूरे होने पर सोशल मीडिया पर इससे जुड़ा पोस्ट शेयर किया। अमाल ने कहा- मैं एक-एक को एक्सपोज करूंगा अगर यहां किसी ने मेरे परिवार वालों के खिलाफ कुछ भी कहा। इसके अलावा अगर फिल्म इंडस्ट्री से कोई भी बिना किसी कारण के मेरे और मेरे अपनों के खिलाफ खड़ा होता है तो देख लेना मैं सामने आऊंगा। म्यूजिक का शाहरुख हूं मैं, लेकिन मेरा गुस्सा सलमान खान और संजय दत्त वाला है। ये सब दूसरों के साथ चलता होगा, डब्बू मलिक और उनकी फैमिली के साथ बिल्कुल नहीं।

## टीवी मसाला



# राइज एंड फॉल 2 में नजर आएंगी प्रियंका और स्वारा

**नई दिल्ली।** प्राइम वीडियो का रियलिटी शो राइज एंड फॉल अपना दूसरा सीजन लेकर आ रहा है। पिछले साल जब ये शो आया था तब काफी चर्चा में रहा था। दर्शकों की तरफ से भी इसे अच्छा रिस्पॉन्स मिला था। पिछले सीजन को अशनीर ग्रोवर ने होस्ट किया था। लेकिन, इस बार पूर्व क्रिकेटर वीरेंद्र सहवाग शो को होस्ट करने वाले हैं। पर सहवाग की एंट्री के बाद शो को लेकर पहले से ही एक्साइटमेंट थी और अब उन्होंने शो के पहले चार कंटेस्टेंट्स के नाम भी सामने ला दिए हैं। इससे पहले शो के होस्ट वीरेंद्र सहवाग ने कंटेस्टेंट्स को लेकर छोटे-छोटे हिंट दिए थे, जिससे दर्शक उनके नाम का अंदाजा लगा सकें। अब सामने आए ट्रेलर में शो के पहले चार कंटेस्टेंट्स से पर्दा उठ गया है। इनमें स्वरा भास्कर, शहजाद पूनावाला, प्रियंका चाहर चौधरी और करण पटेल शामिल हैं। ये शो में शामिल होने वाले कुल 15 कंटेस्टेंट्स में से पहले चार नाम हैं। ट्रेलर में चारों कंटेस्टेंट्स एक-दूसरे पर अपने खास अंदाज में तंज कसते नजर आ रहे हैं। सभी अपने-अपने तरीके से खेल में आगे बढ़ने की तैयारी करते दिखे, जिससे शो में होने वाले ड्रामे की झलक भी मिलती है। प्रियंका चाहर चौधरी की बात करें तो, वो टीवी एक्ट्रेस हैं और बिग बॉस 16 में भी नजर आई थीं। शो में उनके गेम को सलमान खान ने भी सराहा था। अब राइज एंड फॉल सीजन 2 का हिस्सा बनने को लेकर प्रियंका ने कहा कि उन्होंने अलग-अलग तरह के रियलिटी शो किए हैं, लेकिन यह शो उनके लिए बिल्कुल अलग अनुभव होने वाला है। उनके मुताबिक, इस गेम में एक कंटेस्टेंट का रूलर से वर्कर बन जाना और अपने फैसलों के दम पर अपनी स्थिति बदलना काफी दिलचस्प है।

## माही ने तोड़ा यंग का दिल, फूट-फूट कर रोए



**नई दिल्ली।** 'बिग बॉस 20' के घर में लड़ाई-झगड़ों का दौर खत्म होता नहीं दिख रहा। हर टास्क और उसके बाद कंटेस्टेंट भिड़ जाते हैं। इस बार यंग और माही विज आमने सामने हैं। माही की बातों से यंग फूट-फूट कर रोए हैं। सलमान खान के रिएलिटी शो बिग बॉस सीजन 20 में कब, कौन किसका दोस्त और कौन किसका दुश्मन बन जाए, अंदाजा लगाना मुश्किल है। एक दिन पहले तक जो माही विज और यंग डीएसए एक दूसरे के सबसे करीब नजर आ रहे थे। यंग माही को अपनी बहन और मां बोल रहे थे, आज वहीं यंग और माही एक-दूसरे के खिलाफ होते दिखाई दे रहे हैं। माही ने जो यंग के लिए कहा, उसे जानने के बाद उनका दिल टूट गया और वो शो में फूट-फूट कर रोते नजर आ रहे हैं। बिग बॉस 20 के लेटेस्टे प्रोमो में यंग डीएसए का इमोशनल रूप सबसे सामने आया है। अब तक यंग घर में अपने बोलने के अंदाज और हाजिरजवाबी को लेकर चर्चा में रहे थे।



# हनुमान अंश के बाद चमकी चंदन की किस्मत, मॉन्सटर में हुई एंट्री

**नई दिल्ली।** कभी कभी किस्मत हमारे लिए ऐसी राह बना रही होती है कि हम उतनी दूर का सोच ही नहीं पाते। हनुमान अंश के एक एक्टर के साथ भी कुछ ऐसा ही हुआ है। कहां तो उन्होंने एक छोटे बजट की फिल्म साइन की। उस वक्त शायद किसी के दिमाग में कहीं दूर- दूर तक ये खयाल नहीं आया होगा कि ये फिल्म इतनी सक्सेसफुल हो सकती है, लेकिन देखिए हनुमान अंश बॉक्स ऑफिस पर 300 करोड़ के करीब है। वहीं, फिल्म एक एक्टर को एक बड़ी फिल्म भी मिल गई है। हनुमान अंश में डाक्टर राम नंदन भोसले का किरदार निभाने वाले चंदन के आनंद की बात कर रहे हैं। क्योंकि, हनुमान अंश के बाद अब इन्हें दबंग खान के साथ फिल्म मिली है। खबर है कि चंदन के आनंद की एंट्री सलमान खान की फिल्म मॉन्सटर में हो गई है। चंदन के आनंद ने खास बातचीत में अपनी अगली फिल्म को ऑफीशियली कनफर्म किया है। उन्होंने बताया, फिलहाल मैं फिल्म हनुमान अंश की जबरदस्त सक्सेस को इंजॉय कर रहा हूं। सही मायने में कहूं तो मैंने जब से एक्टिंग शुरू है तब से लेकर अब तक असली कामयाबी मुझे हनुमान अंश फिल्म के जरिए ही मिली है। सभी की तरफ से खूब प्यार मिल रहा है। मैं चाहता हूं कि ऐसा ही प्यार मुझे मेरी अगली फिल्म के लिए भी मिले जो कि सलमान खान की मॉन्सटर है। चंदन की इस कनफर्मेशन से साफ हो गया है कि वह डारेक्टर वामशी पेड्डिपल्ली के डायरेक्शन में बनने वाली फिल्म मॉन्सटर का हिस्सा बन गए हैं। बताया जा रहा है कि रोल थोड़ा छोटा होगा, लेकिन वह फिल्म की कहानी के हिसाब से काफी अहम होगा। चंदन खुद यह मान रहे हैं कि हनुमान अंश के बाद उन्हें काफी पहचान और शौहरत मिली है।

# रिची की 'फूलन' को टोरंटो फिल्म फेस्टिवल में मिला स्टैंडिंग ओवेशन



**नई दिल्ली।** रिची मेहता की फिल्म 'फूलन' को टोरंटो इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में दिखाया गया। इंटरनेशनल प्रीमियर के दौरान इसे स्टैंडिंग ओवेशन मिला। चंबल के बीहड़ों से निकलकर संसद तक का सफर तय करने वाली दस्यु सुंदरी फूलन देवी के जीवन पर आधारित फिल्म 'फूलन' टोरंटो फिल्म फेस्टिवल में छा गई। कनाडाई फिल्ममेकर रिची मेहता निर्देशित इस फिल्म का समारोह में प्रीमियर हुआ। इस दौरान वहां मौजूद दर्शकों ने फिल्म को स्टैंडिंग ओवेशन दिया। कनाडाई फिल्म निर्माता-निर्देशक रिची मेहता की फिल्म 'फूलन' का वर्ल्ड प्रीमियर 16 सितंबर 2026 को 51वें टोरंटो इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में हुआ। फूलन के जीवन पर आधारित फिल्म देख लोग भावुक हो गए। दो हजार से अधिक दर्शकों की मौजूदगी में फिल्म को स्टैंडिंग ओवेशन मिला। इस फिल्म को फेस्टिवल के 'स्पेशल प्रेजेंटेशन' सेक्शन के तहत मशहूर 'प्रिंसेस ऑफ वेल्स थिएटर' में दिखाया गया। इस हिंदी एक्शन ड्रामा फिल्म में स्नेहा कुमारी ने फूलन देवी का किरदार निभाया है। अनुराग ठाकुर, विक्रम प्रताप सिंह, आकाश दहिया, प्रतीक पचौरी और देव दत्त बुढोलिया भी फिल्म में अहम भूमिकाओं में हैं। 'फूलन' फिल्म फूलन देवी की आत्मकथा, 'आई, फूलन देवी- द ऑटोबायोग्राफी ऑफ इंडियाज बैंडिट क्वीन' पर आधारित है। यह फिल्म उनके जीवन के एक अहम 48 घंटों पर केंद्रित है, जब उन्हें लगभग 2,000 हथियारबंद लोगों के एक समूह ने घेर लिया था। फिल्म के वर्ल्ड प्रीमियर के बारे में बात करते हुए, राइटर-डायरेक्टर और प्रोड्यूसर रिची मेहता ने कहा कि वे फूलन देवी से जुड़ी लोक-कथाओं से आगे बढ़कर, उस मशहूर हस्ती के पीछे के असली इंसान को जानना और दिखाना चाहते थे।

## रियलिटी शो से लेकर फिल्म और सीरीज तक

# ओटीटी पर इस वीकएंड आएगा मनोरंजन का जलजला

*नई दिल्ली। वीकएंड पर घर बैठे अगर ओटीटी पर ही कुछ देखने का मन है, तो इस वीक खजाना भरपूर है। इस वीकएंड क्या देखने का मन है? कोई बढ़िया सा कॉमेडी शो? क्राइम थ्रिलर फिल्म या सीरीज? या कुछ रोमांटिक चलेगा? इतने सवाल इसलिए, क्योंकि इस बार की लिस्ट में विकल्पों की कमी नहीं है। रियलिटी शो से लेकर फिल्म और सीरीज तक, सब एक से बढ़कर एक है।*

### जाकिर खान स्पेशल पापा यार

कॉमेडियन जाकिर खान का स्पेशल शो इस वीकएंड रिलीज हो रहा है। कॉमेडियन इस शो में अपने चिर-परिचित रोचक अंदाज में अपने बचपन के किस्से सुनाते नजर आएंगे। शो 18 सितंबर को नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होगा।

### लस्ट स्टोरीज सीजन 3

चर्चित सीरीज 'लस्ट स्टोरीज' का तीसरा सीजन भी लिस्ट में है। इस बार आधुनिक रिश्तों, ख्वाहिशों और इमोशंस की थीम पर बनी ये सीरीज दर्शकों का कितना ध्यान आकर्षित करती है, देखना दिलचस्प होगा। राधिका आप्टे, कोंकणा सेन शर्मा, अदिति राव हैदरी, विजय वर्मा, राधिका मदान, अली फजल और सिद्धार्थ अभिनीत यह सीरीज 18 सितंबर से नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होगी। इसे विक्रमादित्य मोटवाने, किरण राव, शकुन बत्रा और विशाल भारद्वाज ने निर्देशित किया है।

### थुडक्कम

यह मलयालम एक्शन थ्रिलर फिल्म है। जूड एंथनी जोसेफ निर्देशित 'थुडक्कम' 07 अगस्त को बड़े पर्दे पर रिलीज हुई थी। इसे काफी पसंद किया गया। अब यह फिल्म 18 सितंबर को जियो हॉटस्टार पर रिलीज होने जा रही है। आशीष जो एंटनी और मोहनलाल अभिनीत फिल्म ने सिनेमाघरों में अच्छा परफॉर्म किया था। आशीष इसमें खलनायक की भूमिका में हैं।



### कट्टलन

यह मलयालम भाषा की एक्शन थ्रिलर फिल्म है, जो इस साल मई में सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। इस वीक यह हिंदी भाषा में ओटीटी पर रिलीज हो रही है। रोमांच से भरपूर यह एक्शन ड्रामा फिल्म सोनी लिव पर 18 सितंबर से स्ट्रीम होगी। फिल्म में एंटनी वर्गीस, सुनील, और कबीर दूहन सिंह मुख्य भूमिकाओं में हैं।

### द स्कैंडल

साउथ कोरियन पीरियड रोमांस ड्रामा सीरीज 'द स्कैंडल' भी वीकएंड पर रिलीज को तैयार है। इसे ली सेउंग-यंग और आन हे-सोंग ने लिखा है। जंग जी-वू ने डायरेक्ट किया है। इसकी कहानी कोरिया के जोसोन राजवंश के समय पर आधारित है और यह उन लोगों की कहानी है जो समाज के सख्त नियमों को तोड़कर प्यार और आकर्षण के एक खतरनाक खेल में शामिल हो जाते हैं। दर्शक इसे 18 सितंबर से नेटफ्लिक्स पर देख सकेंगे। इसमें सोन ये-जिन और जी चांग-वूक अहम भूमिकाओं में हैं।

### इरुमुडी

रवि तेजा की यह फिल्म भी इस सप्ताह डिजिटल प्लेटफॉर्म पर आएगी। यह एक्शन-ड्रामा फिल्म 21 अगस्त को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। अब 18 सितंबर से यह नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होगी।

### मोबलैंड सीजन 2

ब्रिटिश क्राइम ड्रामा सीरीज का दूसरा सीजन इस वीक रिलीज होगा। 10 एपिसोड वाली मोबलैंड सीजन 2 सीरीज 18 सितंबर से जियो हॉटस्टार पर स्ट्रीम होगी। यह एक बड़े माफिया परिवार और उनके बीच सत्ता के संघर्ष की कहानी पर आधारित है।

**'इंडिया के टॉप 1 पर्सेंट'** : क्विज रियलिटी गेम शो 'इंडिया के टॉप 1 पर्सेंट' भी इस बार की लिस्ट में शामिल है। शो को अनिल कपूर होस्ट कर रहे हैं। यह शो 19 सितंबर से जियो हॉटस्टार पर देख सकेंगे। अमेरिकी हॉरर फिल्म 'सिनर्स' 18 सितंबर से नेटफ्लिक्स पर आएगी।

# भारत ने सीरीज की क्लीन स्वीप, तीसरे टी-20 में अफगानिस्तान को 127 रन से हराया

नई दिल्ली

भारतीय क्रिकेट टीम ने तीसरे टी-20 मैच में अफगानिस्तान क्रिकेट टीम को 127 रन से हराते हुए सीरीज को क्लीन स्वीप किया। अरुण जेटली स्टेडियम में खेले गए मैच में भारत ने 221/7 का स्कोर बनाया, जिसमें अभिषेक शर्मा का शतक (108) शामिल रहा। जवाब में अफगानी टीम सिर्फ 94 रन पर सिमट गई। भारत से रवि बिश्नोई और नितीश रेड्डी ने 3-3 विकेट लिए। भारतीय टीम ने अफगानिस्तान के खिलाफ टी-20 अंतरराष्ट्रीय में दूसरा सर्वोच्च स्कोर बनाया। क्रिकबज के मुताबिक, अफगान टीम के विरुद्ध सर्वोच्च स्कोर का रिकॉर्ड आयरलैंड (225/7, 2013) के नाम पर है।

### इस तरह से रोचक रहा मुकाबला

भारत से संजू सैमसन (50) और अभिषेक की सलामी जोड़ी ने 141 रन की साझेदारी की। जोरदार शुरुआत के बाद अन्य भारतीय बल्लेबाजों ने निराश किया और निरंतर आउट होते चले गए। कप्तान श्रेयस अय्यर ने 20 गेंदों में 29 रन की पारी खेली। लक्ष्य का पीछा करते हुए अफगानी टीम ने 47 रन तक अपने 4 विकेट गंवा दिए। इसके बाद भी अफगानिस्तान के बल्लेबाजों ने निराश किया और टीम लक्ष्य हासिल नहीं कर सकी।

**सैमसन ने पूरे किए अपने 9,000 टी-20 रन** : अपनी इस अर्धशतकीय पारी के 23वां रन बनाते ही सैमसन ने 9,000 टी-20 रन पूरे किए। उन्होंने अब तक 351 टी-20 मैच खेले हैं, जिसकी 334 पारियों में उन्होंने लगभग 30 की औसत के साथ 9,027 रन बनाए हैं।


अभिषेक बने टी-20 अंतरराष्ट्रीय में सबसे तेज शतक लगाने वाले भारतीय

### अभिषेक ने 30 गेंदों में पूरा किया शतक

अभिषेक ने पारी का दूसरा ओवर करने आए अजमातुल्लाह उमरजई के खिलाफ एक चौका और छक्का लगाते हुए आक्रामक शुरुआत की। बाएं हाथ के इस सलामी बल्लेबाज ने सिर्फ 16 गेंदों में अपना अर्धशतक पूरा किया। इसके बाद भी उन्होंने विपक्षी गेंदबाजों की जमकर खबर लेते हुए 30 गेंदों में शतक पूरा किया। वह टी-20 अंतरराष्ट्रीय में सबसे तेज शतक लगाने वाले भारतीय बने। वह 34 गेंदों में 108 रन बनाकर आउट हुए।

### अभिषेक ने रोहित शर्मा का पिछला रिकॉर्ड तोड़ा

भारतीय खिलाड़ियों की बात करें तो अभिषेक से पहले सबसे तेज शतक लगाने का रिकॉर्ड रोहित शर्मा के नाम पर दर्ज था। पूर्व भारतीय कप्तान ने 35 गेंदों में श्रीलंका के खिलाफ शतक लगाया था। अभिषेक द्वारा लगाया गया शतक, टेस्ट खेलने वाले देश के किसी भी बल्लेबाज का सबसे तेज शतक है। विश्व क्रिकेट में सबसे तेज टी-20 अंतरराष्ट्रीय शतक लगाने का रिकॉर्ड एस्टोनिया के साहिल चौहान (27 गेंद बनाम साइप्रस, 2024) के नाम पर दर्ज है।

### इस सूची में शामिल हुए ईशान किशन

ईशान किशन ने 8 गेंदों में 10 रन बनाए। इस बीच वह एक कैलेंडर वर्ष में 1,500+ टी-20 रन बनाने वाले चौथे भारतीय बने। उनसे पहले विराट कोहली (2016), सूर्यकुमार यादव (2022) और अभिषेक शर्मा (2025) ऐसा कर चुके हैं। बता दें कि किशन ने इस साल अब तक टी-20 मैचों में 26 पारियों में 36.08 की औसत के साथ 902 रन बनाए हैं। आईपीएल 2026 में उन्होंने 602 रन बनाए थे।

### मैच में बने ये अन्य रिकॉर्ड्स

सिर्फ 94 रन पर ऑल-आउट होना टी-20 अंतरराष्ट्रीय में भारत के खिलाफ अफगानिस्तान का सबसे कम स्कोर है। इससे पहले न्यूनतम स्कोर 111/8 था, जो एशिया कप 2022 में दुबई में बना था। टी-20 अंतरराष्ट्रीय में रनों के लिहाज से यह अफगान टीम की सबसे बड़ी हार है। यह 10वां ऐसा टी-20 मैच है, जिसे भारतीय टीम ने 100 या अधिक रन के अंतर से जीता है। भारत के अलावा कनाडा ने भी 10 मैच, 100+ रन से जीते हैं।

## ब्रीफ न्यूज



### मेस्सी ने इंटर मियामी के लिए सौवां गोल दागा

**मियामी।** लियोनेल मेस्सी ने इंटर मियामी फुटबॉल क्लब के लिये सौवां गोल दागा जिसकी मदद से टीम ने केंपियोनेस कप में क्रूज अजुल को 2-0 से मात दी। मेस्सी ने 24वें मिनट में पहला गोल किया जो 115 मैचों में उनका 100वां गोल था। केसमिरो ने 81वें मिनट में मेस्सी से मिले कॉर्नर पर दूसरा गोल दागा। पिछले पांच मैचों में ब्राजील के मिडफील्डर केसमिरो का यह चौथा गोल था। इस जीत से इंटर मियामी ने मेस्सी के आगमन के तीन साल बाद एक और ट्रॉफी अपने नाम की। इससे पहले टीम लीग्स कप 2023, स्पोटर्स शील्ड 2024 और एमएलएस कप 2025 जीत चुकी है।

### बढ़त के बाद ईस्ट बंगाल ने अल हुसैन से खेला ड्रॉ



**अम्मान।** ईस्ट बंगाल ने एएफसी चैम्पियन लीग टू ग्रुप डी के पहले मैच में जोर्डन प्रो लीग चैम्पियन अल हुसैन एससी के खिलाफ दो गोल की बढत बनाने के बावजूद 2-2 से ड्रॉ खेला। आईएसएल चैम्पियन ईस्ट बंगाल हाफटाइम तक 2-0 से आगे थी। उसके लिये डेनियल रामिरेज और अनवर अली ने गोल किये लेकिन अपने घरेलू मैदान पर खेल रही अल हुसैन ने दूसरे हाफ में दो गोल करके मैच ड्रॉ करा लिया। ईस्ट बंगाल का सामना अब ईराक के अल शोर्टा एससी से 13 अक्टूबर को विवेकानंद युबा भारती क्रीडांगन पर होगा।

### साइना ने किया 'खेलें साणंद उत्सव' का उद्घाटन



**साणंद (गुजरात)।** ओलंपिक पदक विजेता बैडमिंटन खिलाड़ी साइना नेहवाल ने बृहस्पतिवार को यहां 'खेलें साणंद स्पोर्ट्स उत्सव' 2026 का उद्घाटन किया। इसके साथ ही साणंद तालुका के सभी 105 गांवों में 18 दिवसीय ओलंपिक खेल अभियान की शुरुआत हुई। विजयी भारत फाउंडेशन' की 'खेलें साणंद पहल' के तहत आयोजित यह खेल उत्सव 17 सितंबर से सात अक्टूबर तक चलेगा। इसका उद्देश्य 150 से अधिक स्कूलों के 25,000 से ज्यादा विद्यार्थियों को खेलों से जोड़ना है। इसमें पांच से 17 वर्ष की आयु के लड़के और लड़कियां अंडर-8, अंडर-11, अंडर-14 और अंडर-17 वर्गों में हिस्सा लेंगे। उत्सव में कबड्डी, सॉफ्टबॉल थ्रो, बच्चों की भाला फेंक, दौड़, साइकिलिंग, खो-खो, शतरंज, स्टैंडिंग ब्रॉड जंप, बैडमिंटन, वॉलीबॉल और रस्साकशी जैसी प्रतियोगिताएं होंगी। इसके अलावा खेल प्रश्नोत्तरी का भी आयोजन किया जाएगा।

## क्रिकेट : टीम इंडिया की कमान श्रेयस और हरमनप्रीत के हाथ

# एशियाई खेल में आज जापान से होगी भारतीय महिला क्रिकेट टीम की भिड़ंत

नई दिल्ली

पिछले सप्ताह दुबई में रिकॉर्ड आठवीं बार महिला टी20 एशिया कप जीतने के बाद गत चैंपियन और प्रबल दावेदार भारतीय क्रिकेट टीम आज को यहां एशियाई खेलों में अपने खिताब बचाने के अभियान की शुरुआत क्वार्टरफाइनल में मेजबान जापान के खिलाफ करेगी। महिला स्पर्धा में आठ टीम हिस्सा ले रही हैं और प्रतियोगिता सीधे क्वार्टरफाइनल से शुरू होगी। इसका मतलब है कि किसी भी टीम को टूर्नामेंट में परिस्थितियों के अनुरूप ढलने के लिए ग्रुप चरण के मुकाबले नहीं मिलेंगे और एक हार अभियान को समाप्त करने के लिए काफी होगी। मैच भारतीय समयानुसार सुबह 10:30 बजे शुरू होगा।

इस बार जापान में होने वाले एशियाई खेलों में 17 सितंबर से क्रिकेट के मैच प्रारंभ हुए। महिला टूर्नामेंट का फाइनल 22 सितंबर को और पुरुष टूर्नामेंट का समापन 3 अक्टूबर को होगा। भारत ने पुरुष और महिला वर्गों में 2022 के पिछले हांगझोऊ खेलों में स्वर्ण जीते थे। ऐसे में इस संस्करण में भारतीय टीम अपना प्रदर्शन दोहराना चाहेगी। भारतीय टीम 18 सितंबर को अपने क्वार्टर फाइनल में मेजबान जापानी टीम से भिड़ेगी।



### पुरुष वर्ग में ये 10 टीमें लेंगी हिस्सा

पुरुष वर्ग में 10 टीमें हिस्सा ले रही हैं। सबसे कम रैंकिंग वाली 6 टीमों को 2 ग्रुप में बांटा गया है। ग्रुप-ए में अफगानिस्तान, जापान और नेपाल हैं, जबकि ग्रुप-बी में हांगकांग, मलेशिया और ओमान शामिल हैं। प्रत्येक ग्रुप की शीर्ष-2 टीमें क्वार्टर-फाइनल में पहुंचेंगी, जहां वे सेमीफाइनल में जगह बनाने के लिए सीडेड टीमों का सामना करेंगी। भारत, बांग्लादेश, श्रीलंका और पाकिस्तान सीडेड टीमें हैं, जो सीधे क्वार्टर फाइनल में खेलेंगी।

### क्वार्टर-फाइनल में जापान से भिड़ेगी भारतीय महिला टीम

महिला क्रिकेट के क्वार्टर-फाइनल में भारत का मुकाबला जापान से होगा। अन्य मैचों में बांग्लादेश बनाम चीन, श्रीलंका बनाम मलेशिया और पाकिस्तान बनाम थाईलैंड के मुकाबले शामिल हैं।

**सेमीफाइनल में इनके बीच होगा मुकाबला** : भारत और जापान की विजेता टीम का मुकाबला बांग्लादेश या चीन से होगा और इसी तरह श्रीलंका बनाम मलेशिया के विजेता का मुकाबला पाकिस्तान/थाईलैंड से होगा। इसके बाद नॉकआउट राउंड होंगे और अंत में स्वर्ण पदक के लिए फाइनल मुकाबला खेला जाएगा।

**हाइब्रिड पिच पर होंगे सभी मैच** : एशियाई खेलों के सभी मैच निशिन क्रिकेट ग्राउंड में खेले जाएंगे। इस मैदान ने हाल ही में हुए ईस्ट एशिया-पैसिफिक टी-20 विश्व कप सब-रीजनल क्वालिफायर के दौरान जरूरी सभी शर्तें पूरी की थी। यह टूर्नामेंट आने वाले एशियाई खेलों की तैयारी के तौर पर था। बता दें कि हाइब्रिड पिच पर ये मुकाबले होने हैं।

### ऐसी हैं भारत की पुरुष और महिला टीमें

**पुरुष टीम** : श्रेयस अय्यर (कप्तान), अभिषेक शर्मा, संजू सैमसन (विकेटकीपर), ईशान किशन (विकेटकीपर), शिवम दुबे, तिलक वर्मा (उपकप्तान), नितीश कुमार रेड्डी, अक्षर पटेल, वाशिंगटन सुंदर, विप्रज निगम (अभी आधिकारिक घोषणा नहीं हुई), रवि बिश्नोई, जसप्रीत बुमराह, यश ठाकुर, अर्शदीप सिंह और वैभव सूर्यवंशी।

**महिला टीम:** हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना (उप-कप्तान), शफाली वर्मा, दीप्ति शर्मा, ऋचा घोष (विकेटकीपर), जी कामलिनी (विकेटकीपर), भारती फुलमाली, श्री चरणी, रेणुका ठाकुर, क्रांति गौड़, अरुंधति रेड्डी, श्रेयंका पाटिल, राधा यादव, और नंदनी शर्मा।

### पुरुष और महिला टीमों का शेड्यूल

भारतीय पुरुष टीम 28 सितंबर को अपने ग्रुप मुकाबले में ए2 (ग्रुप-ए की दूसरी सबसे बेहतर टीम) से भिड़ेगी। इसके बाद 1 अक्टूबर को दोनों सेमीफाइनल और फिर 3 अक्टूबर को फाइनल मैच खेला जाएगा। दूसरी तरफ महिला वर्ग के दोनों सेमीफाइनल मैच 20 सितंबर को और फाइनल मुकाबला 22 अक्टूबर को होना है। भारतीय टीम 18 सितंबर को अपने क्वार्टर फाइनल में मेजबान जापानी टीम से भिड़ेगी।

## आईसीसी प्लेयर ऑफ द मंथ

# श्रीलंका के दिनुशा ने अगस्त के लिए जीता पुरस्कार



दुबई

इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल ने अगस्त महीने के लिए श्रीलंका क्रिकेट टीम के सोनल दिनुशा को प्लेयर ऑफ द मंथ चुना है। उन्होंने पिछले महीने भारतीय क्रिकेट टीम के खिलाफ टेस्ट सीरीज में कमाल का प्रदर्शन किया था। उन्होंने इंग्लैंड के ओली रॉबिन्सन और बांग्लादेश के हसन महमूद को पीछे छोड़ते हुए ये पुरस्कार हासिल किया। दूसरी तरफ महिलाओं के वर्ग में लुसी बार्नेट ने ये सम्मान हासिल किया।

### सोनल दिनुशा ने खुशी की व्यक्त

अपनी इस नई कामयाबी के बारे में बात करते हुए दिनुशा ने कहा, यह पुरस्कार मेरे लिए बहुत मायने रखता है, खासकर मेरे करियर की शुरुआत में ही। मैं इस सम्मान के लिए आईसीसी का सचमुच आभारी हूं। भारत के खिलाफ खेली गई यह सीरीज हमेशा मेरे दिल के करीब रहेगी। 3 शतक लगाना एक सपना सच होने जैसा था, और कोलंबो व गाले में अपने घरेलू दर्शकों के सामने इन्हें हासिल करने से यह और भी खास हो गया।

### दिनुशा ने भारत के खिलाफ किया था कमाल

दिनुशा ने पहले टेस्ट में 100 और 84 रन के स्कोर किए थे। इसके बाद गॉल टेस्ट की अपनी पहली पारी में 103 रन और दूसरी पारी में नाबाद 133 रन बनाए थे। उन्होंने भारत के खिलाफ हुई घरेलू सीरीज में कुल 4 पारियों के 140.00 की औसत के साथ 420 रन बनाए थे। शुभमन गिल की कप्तानी में भारत ने वो सीरीज 1-0 से जीती थी। दिनुशा ने दूसरे गॉल टेस्ट को ड्रॉ कराने में अहम भूमिका निभाई थी।

**दिनुशा ने बनाए थे ये रिकॉर्ड्स:** दिनुशा तीसरे ऐसे श्रीलंकाई बल्लेबाज बने थे, जिन्होंने 2 मैचों की टेस्ट सीरीज की अपनी चारों पारियों में 50+ रन बनाए थे। उनसे पहले पूर्व दिग्गज कुमार संगाकारा (बनाम बांग्लादेश, 2013 और बनाम इंग्लैंड, 2014) और दिमुथ करुणारत्ने (बनाम दक्षिण अफ्रीका, 2018) ऐसा कर चुके थे। दिनुशा भारत के खिलाफ टेस्ट की दोनों पारियों में शतक लगाने वाले तीसरे श्रीलंकाई बने।

## एशियाड महिला क्रिकेट

# बांग्लादेश खेले बिना सेमीफाइनल में पाकिस्तान ने थाईलैंड को हराया



नागोया

बांग्लादेश महिला क्रिकेट टीम मैदान पर उतरे बिना ही एशियाई खेलों के सेमीफाइनल में पहुंच गई जबकि पाकिस्तान को थाईलैंड जैसी कमजोर टीम के खिलाफ जीत दर्ज करने में काफी पसीना बहाना पड़ा। बांग्लादेश अपनी ऊंची अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग के कारण अंतिम चार में पहुंचा जब चीन के खिलाफ क्वार्टर फाइनल मुकाबला बृहस्पतिवार को गीली आउटफील्ड के कारण रद्द हो गया। आइची प्रांत के खूबसूरत निशिन शहर में कारोगी स्पोटर्स पार्क में होने वाले इस टी20 मुकाबले में टॉस भी नहीं हो सका। बांग्लादेश आईसीसी टी20 रैंकिंग में 10वें और चीन 36वें स्थान पर है। हरमनप्रीत कौर की कप्तानी वाली भारतीय टीम आठ टीमों की स्पर्धा में पिछली चैम्पियन है।

### पाकिस्तान को मिला था 92 रन का लक्ष्य

वहीं पाकिस्तान ने थाईलैंड से मिले 92 रन के लक्ष्य के जवाब में तीन विकेट से जीत दर्ज की। बारिश के कारण मैच कम ओवरों का कर दिया गया था। बांग्लादेश का सामना भारत और जापान के बीच होने वाले क्वार्टर फाइनल के विजेता से होगा। यह मुकाबला शुक्रवार को होगा जबकि सेमीफाइनल 20 सितंबर को होना है। पाकिस्तान की टीम शुक्रवार को श्रीलंका और मलेशिया के बीच मुकाबले के विजेता से खेलेगी।

### ऐसा रहा पाकिस्तान व थाईलैंड का मुकाबला

पाकिस्तान और थाईलैंड का मुकाबला गीली आउटफील्ड के कारण देर से शुरू हुआ और इसे घटाकर 11 ओवर प्रति टीम कर दिया गया। टॉस जीतकर गेंदबाजी करने वाली थाईलैंड की टीम ने चार विकेट पर 91 रन बनाये। उसकी विकेटकीपर और तीसरे नंबर की बल्लेबाज एन कोंचारोएनकाइ ने 38 गेंद में 49 रन बनाये ।जवाब में पाकिस्तान के लिये शावाल जुल्फिकार (25) और फातिमा सना (21) ही उल्लेखनीय पारियां खेल सकी जबकि बाकी बल्लेबाज नाकाम रहे। थाईलैंड के लिये आफ स्पिनर ओनिचा कामचोम्फू ने तीन और सुनिदा सी ने दो विकेट लिये।

# सर्फिंग : भारत के फ्रांसीसी कोच रेबूल की नजरें लॉस एंजिलिस ओलंपिक पर

नई दिल्ली

भारत के फ्रांसीसी सर्फिंग कोच समाई रेबूल का मानना है कि एशियाई खेलों में सर्फिंग में भारत के ऐतिहासिक पदार्पण को 2028 लॉस एंजिलिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने के सर्वोच्च लक्ष्य की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम के रूप में देखा जाना चाहिए।

पूर्व सर्फर और प्रशिक्षित कोच रेबूल 2024 से भारतीय राष्ट्रीय टीम के साथ काम कर रहे हैं। वह आगामी आइची-नागोया एशियाई खेलों की तैयारी के लिए महाबलीपुरम में चार सदस्यीय भारतीय टीम को प्रशिक्षण दे रहे हैं जहां सर्फिंग खेल पहली बार एशियाई खेलों का हिस्सा होगा।



### भारत शॉर्टबोर्ड में 4 खिलाड़ी उतारेगा

भारत शॉर्टबोर्ड स्पर्धा में दो पुरुष और दो महिला खिलाड़ियों को उतारेगा। किशोर कुमार और शिवराज बाबू पुरुष वर्ग में जबकि कमली मूर्ति और शुगर शांति बनारसे महिला वर्ग में हिस्सा लेंगी। एशियाई खेल 2028 ओलंपिक के लिए कोटा स्थान भी प्रदान करेंगे जिससे भारतीय खिलाड़ियों के लिए इस खेल के सबसे बड़े मंच तक पहुंचने का रास्ता खुल सकता है।

# बीसीसीआई का बड़ा फैसला : भारत में ही होगी आईपीएल 2027 की नीलामी

नई दिल्ली

पिछले कुछ सालों में इंडियन प्रीमियर लीग की नीलामी विदेशों में हुई हैं, लेकिन अब इस सिलसिले में विराम लगने वाला है। ऐसी खबर है कि आईपीएल 2027 की नीलामी भारत में ही होने वाली है। बीते दिनों आईपीएल गवर्निंग काउंसिल की बैठक के बाद ये खबर सामने आई है। बता दें कि आखिरी बार भारत में 2023 में (कोच्चि) नीलामी का आयोजन हुआ था। आईपीएल 2027 की नीलामी के लिए स्थल का अंतिम फैसला अभी नहीं हुआ है। शहर का चयन फ्रैंचाइजी और उनके प्रतिनिधिमंडलों के लिए होटल तथा अन्य सुविधाओं की उपलब्धता को ध्यान में रखकर किया जाएगा।



### बड़ी नीलामी फिर से विदेश में होगी

क्रिकबज की रिपोर्ट के मुताबिक, इस साल बीसीसीआई ने छोटी नीलामी के लिए भारत को ही चुना है। दिलचस्प रूप से इस छोटी नीलामी के बाद अगले साल होने वाली बड़ी नीलामी फिर से विदेश में हो सकती है। पिछले कुछ सालों में दुबई, जेद्दा और अबू धाबी में आईपीएल की नीलामी हुई थी। पिछले साल 2026 सीजन के लिए छोटी नीलामी का आयोजन अबू धाबी के एतिहाद एरिना में किया गया था।

## वनडे में एक-दूसरे के खिलाफ दोनों टीमें 27 सितंबर से होंगी आमने-सामने

# वनडे में भारत अब तक रहा वेस्टइंडीज पर हावी, 142 मुकाबलों में 72 जीते

नई दिल्ली

भारतीय क्रिकेट टीम और वेस्टइंडीज क्रिकेट टीम के बीच 27 सितंबर से 3 मैचों की वनडे सीरीज खेली जानी है। दोनों टीमों के बीच आखिरी वनडे सीरीज साल 2023 में खेली गई थी। उस सीरीज को भारतीय टीम ने 2-1 से अपने नाम किया था। शुभमन गिल की कप्तानी में भारत आगामी सीरीज में वेस्टइंडीज के खिलाफ एक बार फिर उम्दा प्रदर्शन करना चाहेगी।

### वेस्टइंडीज के खिलाफ भारत का पलड़ा रहा है भारी

वनडे क्रिकेट के इतिहास में दोनों टीमों के बीच अब तक 142 मुकाबले खेले गए हैं। इस दौरान भारतीय टीम ने 72 मैच जीते हैं। वहीं, वेस्टइंडीज को 64 मुकाबलों में जीत मिली है। 4 मैच बेनतीजा रहे हैं, जबकि 2 मुकाबले टाई पर समाप्त हुए हैं। दोनों टीमों के बीच हुए आखिरी 5 वनडे मुकाबलों में भारतीय टीम का पलड़ा भारी रहा है। उसे 4 मैचों में जीत मिली है, जबकि वेस्टइंडीज सिर्फ एक मुकाबला जीत पाई है।



### साल 2002 से भारत में कोई वनडे सीरीज नहीं जीती वेस्टइंडीज

दोनों टीमें कुल 24 द्विपक्षीय वनडे सीरीज में आमने-सामने हुई हैं। इनमें से 16 सीरीज भारतीय टीम ने जीती हैं, जबकि 8 सीरीज वेस्टइंडीज ने अपने नाम की हैं। दोनों टीमों के बीच एक भी वनडे सीरीज ड्रॉ नहीं रही। भारत में दोनों टीमों के बीच 13 वनडे सीरीज खेली गई हैं। भारतीय टीम ने 9 सीरीज जीती हैं, जबकि वेस्टइंडीज को 4 में जीत मिली है। वेस्टइंडीज ने आखिरी बार भारत में साल 2002 में वनडे सीरीज जीती थी।

### विराट-रोहित सहित इनका रहा उम्दा प्रदर्शन

वेस्टइंडीज के खिलाफ सर्वाधिक रन वाले भारतीय बल्लेबाज विराट कोहली हैं। उन्होंने इस टीम के विरुद्ध 41 पारियों में 66.05 की औसत के साथ 2,261 रन (शतक- 9) बनाए हैं। रोहित शर्मा ने वेस्टइंडीज के विरुद्ध 35 पारियों में 57.6 की औसत से 1,613 रन (शतक-3) बनाए हैं। गेंदबाजी में रविंद्र जडेजा ने 32 मैचों में 29.88 की औसत से 44 विकेट लिए हैं।

# बाबा विश्वनाथ के दरबार पहुंचे रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और सीएम योगी, किया दर्शन-पूजन

वाराणसी

पीएम नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर उनकी जन्मभूमि वडनगर (गुजरात) से लेकर मौजूदा राजनीतिक कर्मभूमि वाराणसी (उत्तर प्रदेश) तक उत्सव जैसा माहौल है। उनके समर्थकों के अलावा देश के सांविधानिक पदों पर आसीन हस्तियां भी उन्हें बधाई दे रही हैं। गुरुवार को केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ ने वाराणसी स्थित श्री काशी विश्वनाथ धाम में बाबा विश्वनाथ का दर्शन-पूजन किया। दोनों नेताओं ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच विशेष पूजा-अनुष्ठान और जलाभिषेक कर बाबा विश्वनाथ का आशीर्वाद लिया। पूजन के दौरान पीएम नरेंद्र मोदी के स्वस्थ एवं दीर्घायु जीवन की कामना की गई।

**पीएम मोदी का जन्मदिनः देशभर में मना जश्न**


राजनाथ सिंह और सीएम योगी काशी विश्वनाथ मंदिर में बाबा विश्वनाथ की पूजा करते हुए

रक्षा मंत्री ने कहा कि बाबा विश्वनाथ से पीएम के दीर्घायु जीवन और देश की सेवा करते रहने की प्रार्थना की गई। सीएम योगी ने भी पीएम के स्वस्थ एवं सुदीर्घ जीवन के लिए प्रार्थना की

सीएम अधिकारी का बड़ा ऐलान

### पीएम मोदी के जन्मदिन पर हरवर्ष अन्नपूर्णा दिवस मनाएगी सरकार



पश्चिम बंगाल में अन्नपूर्णा दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को पीएम नरेंद्र मोदी ने वीडियो संदेश के जरिए संबोधित किया। उन्होंने बंगाल की माताओं और बहनों के प्रति आभार जताया। इस दौरान सीएम सुवेंदु अधिकारी ने कहा कि अब हर वर्ष राज्य सरकार 17 सितंबर को अन्नपूर्णा दिवस मनाएगी।

### 25 पौधे लगाएः शिवराज सिंह



केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह ने पीएम मोदी के जन्मदिन के उपलक्ष्य में नई दिल्ली स्थित पूसा परिसर में कृषि और ग्रामीण विकास मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों, आईसीएआर के वैज्ञानिकों तथा वीबी-जी राम जी कार्यशाला में शामिल होने आए राज्यों के सरपंचों, अधिकारियों के साथ पौधा रोपा।



### सीएम रेखा गुप्ता ने किया हवन

दिल्ली की सीएम रेखा गुप्ता ने पीएम नरेंद्र मोदी के 76वें जन्मदिन के अवसर पर जीटी करनाल रोड स्थित श्री खाटू श्याम मंदिर में हवन किया।


भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन ने दिल्ली में सेवा संकल्प अभियान की शुरूआत की।


सैंड आर्टिस्ट मानस कुमार साहू ने ओडिशा के पुरी तट पर रेत से कलाकृति बनाई। एक घंटे में तैयार इस कला के जरिए उन्होंने पीएम को जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं।

## ब्रीफ न्यूज

### महाराष्ट्र के पूर्व विधायक पर एफआईआर दर्ज



**ठाणे।** महाराष्ट्र के ठाणे जिले में 22 वर्षीय एक महिला को कथित तौर पर बंदूक के बल पर बंधक बनाकर उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म करने के मामले में कल्याण पश्चिम विधानसभा क्षेत्र से भाजपा के पूर्व विधायक नरेंद्र पवार और बर्खास्त सिपाही के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। महिला का भिवंडी स्थित एक फार्महाउस में रेप किया गया था।

### दिशा के पिता ने 500 करोड़ का नोटिस भेजा



**मुंबई।** दिवंगत अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत की पूर्व मैनेजर दिशा सालियन की मौत के मामले में उनके पिता सतीश सालियान ने आदित्य ठाकरे और एनसीपी (एसपी) नेता अनिल देशमुख से 500 करोड़ रुपए का कानूनी नोटिस भेजा है। नोटिस में आरोप लगाया गया है कि दोनों नेताओं ने न्याय की लड़ाई को राजनीति से प्रेरित बताया।

### जयपुर में बिल्डिंग में आग, 25 दुकानें जलीं

**जयपुर।** जयपुर में त्रिपोलिया बाजार के मणिहारों का कटला में 3 मंजिला सेठी कॉम्प्लेक्स में गुरुवार सुबह 7 बजे भीषण आग लग गई। दूसरी मंजिल पर चूड़ियों के गोदाम में शॉर्ट सर्किट से आग लगी थी। धीरे-धीरे 25 दुकानें आग की चपेट में आ गईं।

मतदाता सूची से 47 लाख नाम हटाए जाने के खिलाफ हुई अपील

# सुको में दिल्ली एसआईआर पर 21 सितंबर को सुनवाई, आयोग की प्रकिया पर संदेह

नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली में विशेष गहन पुनरीक्षण के तहत मतदाता सूची से नाम हटाए जाने के खिलाफ दायर याचिका पर 21 सितंबर को सुनवाई करने पर सहमति जताई है।

मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली तीन सदस्यीय पीठ ने कहा कि मामले की सुनवाई सोमवार को होगी, क्योंकि एसआईआर से जुड़े अन्य मामले भी अगले सप्ताह सूचीबद्ध हैं। याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता प्रशांत भूषण ने दावा किया कि दिल्ली में करीब 47 लाख मतदाताओं के नाम हटाए गए हैं, जिनमें से 33 लाख लोगों को नोटिस जारी किए गए हैं, लेकिन चुनाव आयोग ने नोटिस पाने वालों के नाम और नाम हटाने के आधार सार्वजनिक नहीं किए हैं।

याचिकाकर्ता की ओर से दावा किया कि दिल्ली में करीब 47 लाख मतदाताओं के नाम हटाए गए हैं, जिनमें से 33 लाख लोगों को नोटिस जारी किए गए हैं, लेकिन चुनाव आयोग ने नोटिस पाने वालों के आधार सार्वजनिक नहीं किए हैं

**43.32** लाख से अधिक मतदाता अपने पते पर अनुपस्थित

**1.41** लाख से अधिक मतदाता एक से अधिक स्थानों पर पंजीकृत



**31 अगस्त को प्रकाशित हुई थी मसौदा सूची**

31 अगस्त को प्रकाशित की थी मसौदा सूची चुनाव आयोग ने 31 अगस्त को एसआईआर के तहत दिल्ली की मसौदा मतदाता सूची प्रकाशित की थी। इसमें कुल करीब 1.45 करोड़ मतदाताओं में से 47 लाख नाम हटाए गए। आयोग के अनुसार, इनमें 43.32 लाख से अधिक मतदाता ऐसे पाए गए जो स्थानांतरित हो चुके थे या अपने पते पर अनुपस्थित थे, जबकि करीब 2.82 लाख मतदाता मृत पाए गए।

**शिवसेना नाम और चुनाव चिन्ह विवाद पर सुनवाई**

सुप्रीम कोर्ट उद्धव ठाकरे गुट की उन याचिकाओं पर सुनवाई करेगा, जिनमें चुनाव आयोग के उस फैसले को चुनौती दी गई है, जिसके तहत एकनाथ शिंदे गुट को वास्तविक शिवसेना माना गया था। चुनाव आयोग ने शिंदे गुट के पक्ष में फैसला देते हुए पार्टी का नाम 'शिवसेना' और चुनाव चिह्न 'धनुष-बाण' उसे आवंटित किया है।

### आई-पेक दफ्तर पर ईडी की कार्रवाई

सुप्रीम कोर्ट प्रवर्तन निदेशालय (ईडी की उस याचिका पर सुनवाई करेगा, जिसमें 8 जनवरी को कोलकाता स्थित पॉलिटिकल कंसल्टेंसी फर्म आई-पेक के कार्यालय में तलाशी के दौरान कथित तौर पर अधिकारियों के काम में रुकावट डालने का आरोप लगाया गया है। ईडी का आरोप है कि तलाशी की कार्रवाई के दौरान तत्कालीन पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बेनर्जी और राज्य के कुछ अन्य अधिकारियों ने जांच में हस्तक्षेप किया। एजेंसी ने इस मामले को लेकर सुप्रीम कोर्ट का रुख किया है।

### ग्राहम स्टेंस हत्याकांडः सुप्रीम कोर्ट ने याचिका में संशोधन की दी अनुमति

ऑस्ट्रेलियाई मिशनरी ग्राहम स्टेंस और उनके दो नाबालिग बेटों की हत्या के मामले में उम्रकैद की सजा काट रहे दारा सिंह, उर्फ रवींद्र कुमार पाल, की समयपूर्व रिहाई की याचिका ओडिशा राज्य सजा समीक्षा बोर्ड ने खारिज कर दी है। ओडिशा सरकार ने सुप्रीम कोर्ट को यह जानकारी दी। पीठ ने दारा सिंह की सजा में छूट (रिमिशन) की मांग वाली याचिका को खारिज करने का आदेश 31 अगस्त को पारित किया गया था। राज्य सरकार की ओर से दी गई जानकारी के बाद सुप्रीम कोर्ट की पीठ ने मामले की सुनवाई स्थगित कर दी। पीठ ने याचिकाकर्ता को सजा में छूट की याचिका खारिज किए जाने के आदेश को चुनौती देने के लिए अपनी रिट याचिका में आवश्यक संशोधन करने की अनुमति दी।

### केरल हाईकोर्ट ने उम्रकैद की सजा को रखा बरकरार

**कोच्चि।** केरल हाईकोर्ट ने राज्य सरकार के एक पूर्व कर्मचारी को दोषी ठहराए जाने और उम्रकैद की सजा को बरकरार रखा है। उस कर्मचारी पर 2009 में केरल और तमिलनाडु में कई जगहों पर 45 दिनों तक एक स्कूली छात्रा के साथ दुष्कर्म करने का आरोप था। बेंच ने पाया कि सिंचाई विभाग के तत्कालीन 36 वर्षीय कर्मचारी (आरोपी) ने 14-15 साल की लड़की का अपहरण किया। उसे केरल और तमिलनाडु में कई जगहों पर ले गया और लगभग 45 दिनों तक उसके साथ दुष्कर्म किया। बेंच ने कहा कि आरोपी ने नाबालिग लड़की का अपहरण इस बहाने से किया था कि




अगर वह किसी खास चर्च में कुछ प्रार्थनाओं में शामिल होगी, तो उसे भगवान का आशीर्वाद मिलेगा और वह 10वीं कक्षा की परीक्षा में अच्छे अंक प्राप्त कर सकेगी।

राज्यसभा सांसद पवन खेड़ा का दावा

## अडानी से उत्तराखंड के लिए 25 साल तक बिजली खरीदने के लिए पब्लिक सेक्टर प्रोजेक्ट किया रद्द

नई दिल्ली

कांग्रेस ने खुलासा किया है कि उत्तराखंड की भाजपा सरकार ने अडानी पावर के छत्तीसगढ़ स्थित प्लांट से 25 साल तक बिजली खरीदने का रास्ता साफ करने के लिए टेंडर की 86 में से 84 शर्तों में बदलाव किए और यूजेवीएन-टीएचडीसी की प्रस्तावित सरकारी परियोजना को रद्द कर दिया। देशभर की भाजपा सरकारें अडानी को फायदा पहुंचाने के लिए काम कर रही हैं। पार्टी के मीडिया एवं पब्लिसिटी के चेयरमैन पवन खेड़ा ने बताया कि 16 जनवरी 2025 को थर्मल पावर प्लांट लगाने के लिए यूजेवीएन-टीएचडीसी के संयुक्त पब्लिक सेक्टर प्रोजेक्ट को अचानक रद्द कर दिया गया। इसके कुछ दिन बाद, 3 फरवरी 2025 को उत्तराखंड सरकार द्वारा नया टेंडर जारी किया गया और उसी दिन अडानी पावर ने छत्तीसगढ़ के कोरबा में पावर प्लांट के विस्तार के लिए पर्यावरण मंजूरी का आवेदन दिया। इसके बाद टेंडर निकालने के लिए कुल 86 में से 84 शर्तों में बदलाव कर दिए गए। यह सभी बदलाव अडानी को टेंडर देने के लिए हुए। इन बदलावों के तहत पावर प्लांट को उत्तराखंड से बाहर देश के किसी भी हिस्से में लगाने की अनुमति दी गई, पूरे 1,320 मेगावाट बिजली की आपूर्ति एक ही बिडर से लेने की बाध्यता तय की गई और दूसरे राज्य से बिजली लाने की ट्रांसमिशन लागत जनता पर डाल दी गई।

राज्यसभा सांसद पवन खेड़ा ने कहा कि निर्माण की समय सीमा बढ़ाने के अलावा फिक्स्ड चार्ज सीलिंग को 70% से बढ़ाकर 75% कर दिया गया।



इसके तहत प्रदेश द्वारा बिजली न लेने की स्थिति में भी अडानी पावर को 25 साल तक पैसा मिलता रहेगा। उन्होंने कहा कि बिजली उत्तराखंड की जनता के पैसे से खरीदी जाएगी, लेकिन पूरा प्रोजेक्ट छत्तीसगढ़ में चलेगा और इसमें कैबिनेट अप्रूवल भी आया है कि यह प्रोजेक्ट 25 साल तक अडानी के पास रहेगा। उन्होंने कहा कि 1.66 लाख करोड़ रुपये का पावर परचेज एग्रीमेंट 25 अगस्त 2026 से 5.74 रुपये प्रति यूनिट की दर से शुरू हो गया है। उन्होंने कहा कि पैसा उत्तराखंड का, कोयला छत्तीसगढ़ का और फायदा अडानी को दिया जा रहा है।

खेड़ा ने बताया कि वर्ष 2024 में उत्तराखंड के सीएम पुष्कर सिंह धामी ने यूजेवीएन-टीएचडीसी के संयुक्त उद्यम वाले पब्लिक सेक्टर प्रोजेक्ट के तहत 1,320 मेगावाट का थर्मल पावर प्लांट लगाने और कोयला आपूर्ति के लिए केंद्र को प्रस्ताव भेजा था, ताकि राज्य में बिजली आपूर्ति कम न हो। कोयला मंत्रालय की मंजूरी मिलने के बावजूद 16 जनवरी 2025 को प्रदेश सरकार ने इस संयुक्त उद्यम को अचानक रद्द कर दिया। सरकार ने तर्क दिया कि यह संयुक्त उद्यम समय पर काम पूरा नहीं कर पाएगा, जबकि संयुक्त उद्यम ने तय समय सीमा में कार्य पूरा करने का आश्वासन दिया था।

# मोदी सरकार की 'चिंतन बैठक' पर जयराम रमेश का तंज, कहा- यह 'चिंता बैठक' ज्यादा

नई दिल्ली



कांग्रेस महासचिव और संचार प्रभारी जयराम रमेश ने पीएम नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में 23 और 24 सितंबर को होने वाली केंद्रीय मंत्रियों की दो दिवसीय 'चिंतन बैठक' को लेकर सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि यह चिंतन बैठक से ज्यादा 'चिंता बैठक' है। रमेश ने कहा कि पीएम ने 23 और 24 सितंबर को सभी केंद्रीय मंत्रियों की चिंतन बैठक बुलाई है। उनके मुताबिक, यह बैठक ऐसे समय हो रही है जब पीएम और सरकार को विभिन्न मुद्दों पर सवालों और आलोचनाओं का सामना करना पड़ रहा है। सरकार की ओर से बैठक को लेकर सामने आई जानकारी के मुताबिक, पीएम मोदी 23-24 सितंबर को केंद्रीय मंत्रियों के साथ शासन और नीति निर्माण से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा करेंगे। बैठक में सुधारों, नीतियों के क्रियान्वयन और सरकार की प्राथमिकताओं पर विचार-विमर्श होने की बात कही गई है। सभी केंद्रीय मंत्रियों को अगले सप्ताह राजधानी में मौजूद रहने को कहा गया है।

### संसद के मानसून सत्र के सत्रावसान को लेकर भी सवाल

जयराम रमेश ने संसद के मानसून सत्र का औपचारिक सत्रावसान अब तक नहीं किए जाने का मुद्दा भी उठाया। उन्होंने कहा कि सत्र के अनिश्चितकाल के लिए स्थगित होने के बाद 35 दिन बीत चुके हैं, लेकिन अभी तक सत्रावसान नहीं हुआ है। उन्होंने इसे 'अभूतपूर्व' बताया। मानसून सत्र 13 अगस्त को 19 बैठकों के बाद अनिश्चितकाल के लिए स्थगित हुआ था। उपलब्ध रिपोर्टों के अनुसार, 17 सितंबर तक दोनों सदनों का औपचारिक सत्रावसान नहीं हुआ था।

### दो-तिहाई बहुमत को लेकर भी सरकार पर निशाना

रमेश ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह पर लोकसभा में दो-तिहाई बहुमत हासिल करने की कोशिश जारी रखने का आरोप लगाया। उन्होंने इसे फिलहाल 'मृगतृष्णा' बताते हुए कहा कि यह प्रयास 17 अप्रैल को लोकसभा में सरकार को मिली हार के बाद किया जा रहा है। दरअसल, 17 अप्रैल को संविधान (131वां संशोधन) विधेयक, 2026 लोकसभा में दो-तिहाई बहुमत हासिल नहीं कर सका था। विधेयक के पक्ष में 298 और विरोध में 230 वोट पड़े थे।

# सावधानः जन्म-मृत्यु का पंजीकरण में हुई देर तो होगी मुश्किल, संशोधित कानून 1 अक्टूबर से लागू

नई दिल्ली

जन्म और मृत्यु के पंजीकरण में देरी करने वालों के लिए अब प्रक्रिया और सख्त होने जा रही है। जन्म और मृत्यु पंजीकरण (संशोधन) अधिनियम, 2026 के प्रावधान 1 अक्टूबर से लागू होंगे। भारत के रजिस्ट्रार जनरल मृत्युंजय कुमार नारायण ने यह जानकारी दी है। दोनों सदनों से पारित होने के बाद जन्म और मृत्यु पंजीकरण (संशोधन) विधेयक, 2026 को पिछले महीने राष्ट्रपति की मंजूरी मिल गई थी। संशोधित कानून का उद्देश्य जन्म और मृत्यु के पंजीकरण में होने वाली देरी को रोकना और लोगों को समय पर पंजीकरण कराने के लिए प्रोत्साहित करना है।

Birth and Death Registration

### एक से दो साल की देरी पर मजिस्ट्रेट की मंजूरी जरूरी

अधिनियम के अनुसार, यदि जन्म या मृत्यु की सूचना रजिस्ट्रार को एक वर्ष से अधिक लेकिन दो वर्ष के भीतर दी जाती है, तो उसका पंजीकरण जिला मजिस्ट्रेट, उपमंडल मजिस्ट्रेट या कार्यकारी मजिस्ट्रेट की मंजूरी के बाद ही किया जा सकेगा।

### दो साल से अधिक की देरी पर न्यायिक मजिस्ट्रेट का आदेश

यदि जन्म या मृत्यु की सूचना दो वर्ष से अधिक समय बाद दी जाती है, तो पंजीकरण के लिए प्रथम श्रेणी न्यायिक मजिस्ट्रेट के आदेश की आवश्यकता होगी। संबंधित प्राधिकारी को विलंबित पंजीकरण की अनुमति देने से पहले जन्म या मृत्यु की सूचना की प्रामाणिकता का सत्यापन भी करना होगा।

### समय पर पंजीकरण अनिवार्य

कानून के तहत जन्म और मृत्यु का पंजीकरण अनिवार्य है। जन्म प्रमाणपत्र किसी व्यक्ति की कानूनी पहचान से जुड़ा महत्वपूर्ण दस्तावेज है। संशोधित प्रावधानों के तहत विलंबित पंजीकरण की प्रक्रिया को सख्त करने का उद्देश्य रिकॉर्ड की विश्वसनीयता बढ़ाना और जन्म-मृत्यु से जुड़े आधिकारिक आंकड़ों को अधिक व्यवस्थित बनाना है।

दवाओं की बिक्री पर सरकार सख्त, ड्रग्स रूल्स, 1945 में बदलाव का प्रस्ताव

## बिना डॉक्टर की पर्ची के नहीं मिलेंगी कई दवाएं, सीसीटीवी लगाना होगा अनिवार्य

नई दिल्ली

केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय ने दवाओं की बिक्री पर सख्त निगरानी के लिए बड़ा कदम उठाया है। मंत्रालय ने शेड्यूल एच, एच1 और एक्स दवाओं की रेगुलेटरी निगरानी को मजबूत करने के लिए ड्रग्स रूल्स, 1945 में बदलाव का प्रस्ताव दिया है। इस बदलाव के तहत देश भर के मेडिकल स्टोर्स पर सीसीटीवी निगरानी अनिवार्य करने की योजना है। प्रस्ताव का मुख्य उद्देश्य बिना डॉक्टर के पर्चे के प्रतिबंधित दवाओं की बिक्री पर रोक लगाना और फार्मास्युटिकल सप्लाई चेन में पारदर्शिता और जवाबदेही को बढ़ाना है।

**दवाओं का गलत इस्तेमाल गंभीर खतरा**



मंत्रालय के मुताबिक, शेड्यूल एच, एच1 और एक्स श्रेणी की दवाएं बेहद संवेदनशील हैं। इनमें एंटीबायोटिक्स, साइकोट्रॉपिक दवाएं, नशीली दवाओं वाले पेनकिलर और कई अन्य शक्तिशाली दवाएं शामिल हैं, जिनका गलत इस्तेमाल सेहत के लिए गंभीर खतरा बन सकता है।

**अनधिकृत बिक्री पर लगेगी रोक**

मंत्रालय का मानना है कि मेडिकल स्टोर में सीसीटीवी कैमरे लगने से हर बिक्री का रिकॉर्ड सुरक्षित रहेगा। इससे यह पता लगाना आसान होगा कि कौन सी दवा किस पर्चे पर और किसे बेची गई।

'हैदराबाद मुक्ति दिवस' समारोह में उपराष्ट्रपति राधाकृष्णन बोले

17 सितंबर 1948 को निजाम की सेना ने किया था आत्मसमर्पण

# पटेल ने रियासतों के भारतीय संघ में विलय में असाधारण जिम्मेदारी निभाई

हैदराबाद

उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने गुरुवार को कहा कि देश के पहले उपप्रधानमंत्री सरदार वल्लभभाई पटेल ने स्वतंत्रता के बाद रियासतों का भारतीय संघ में विलय करने में असाधारण जिम्मेदारी निभाई तथा मजबूत, एकजुट 'एक भारत' की नींव रखी। उपराष्ट्रपति ने कहा कि केवल पटेल की वजह से ही 'एक भारत' हमेशा 'एक भारत' बना रहेगा। हैदराबाद रियासत के भारतीय संघ में विलय की वर्षगांठ पर केंद्र सरकार द्वारा आयोजित 'हैदराबाद मुक्ति दिवस' समारोह को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि पटेल के योगदान को राष्ट्रीय एकीकरण के व्यापक संदर्भ में समझा जाना चाहिए।


उपराष्ट्रपति राधाकृष्णन ने सिकंदराबाद के युद्ध स्मारक पर श्रद्धांजलि अर्पित की

### 'एक भारत' की मजबूत नींव रखी

उपराष्ट्रपति ने कहा कि उस समय हैदराबाद का मुद्दा सबसे जटिल मुद्दों में एक था और जब बातचीत विफल हो गई तो भारत सरकार ने 13 सितंबर, 1948 को 'ऑपरेशन पोलो' शुरू किया। यह अभियान 17 सितंबर, 1948 को निजाम की सेना के आत्मसमर्पण के साथ समाप्त हुआ। राष्ट्रीय एकीकरण में पटेल के योगदान को याद करते हुए उन्होंने कहा कि पूर्व उप प्रधानमंत्री ने उस समय एक असाधारण जिम्मेदारी निभाई जब भारत विभाजन के घावों से उबर रहा था और साथ ही सैकड़ों रियासतों का एक संघ में विलय कर रहा था। राधाकृष्णन ने कहा कि पटेल ने एक मजबूत, एकजुट 'एक भारत' की मजबूत नींव रखी।

### हैदराबाद संघर्ष में कई लोगों का त्याग

हैदराबाद संघर्ष के पीछे के जनांदोलन को श्रद्धांजलि देते हुए राधाकृष्णन ने कहा कि छात्रों, बुद्धिजीवियों, लेखकों, सामाजिक कार्यकर्ताओं, राजनीतिक कार्यकर्ताओं, किसानों और आम नागरिकों ने इस संघर्ष में भाग लिया तथा कठिनाइयों का सामना किया।

### अनेकता में एकता भारत की पहचान

उपराष्ट्रति ने कहा कि अनेकता में एकता भारत की पहचान है। भारत की एकता के लिए यह आवश्यक नहीं है कि हर नागरिक एक जैसा हो।

स्वत्वाधिकारी, स्वामी, प्रकाशक प्रदीप सिंह के लिए , मुद्रक ताराचन्द कुमावत, महारानी प्रिंटर्स, प्लॉट नंबर 17, मां वैष्णो देवी नगर, कालवाड़ रोड, जयपुर (राज.) 302012 से मुद्रित व 1003, सोसाइटी नगर, शहीद भगत सिंह कॉलोनी, पाली राजस्थान 306401 से प्रकाशित (सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा)। समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No.: RJMUL/26/A4290, प्रबंध सम्पादक- प्रदीप सिंह, मो.नं. 9983831415